हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित

सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
शनिवार, 19 नवम्बर 2022
वर्ष-2-अंक 322
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345




## ख़ास ख़बर

### श्रीलंकाई लेखक शेहान को बुकर पुरस्कार

लंदन/कोलंबो। श्रीलंकाई लेखक शेहान करुणातिलक को उनके दूसरे उपन्यास द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा के लिए 2022 के बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वर्ष 1992 में द इंग्लिश पेशेंट के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले माइकल ओंडात्जे के बाद, करुणातिलक (47) साहित्यिक पुरस्कार के तौर पर 50,000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड (जीबीपी) की रकम जीतने वाले दूसरे श्रीलंकाई मूल के व्यक्ति बन गए। उन्हें सोमवार की रात लंदन में एक समारोह में पुरस्कृत किया गया।

### राउत की सुनवाई 21 अक्टूबर को जारी रहेगी, न्यायिक हिरासत बढ़ी

मुंबई। मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को कहा कि वह कथित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए शिवसेना सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर 21 अक्टूबर को सुनवाई जारी रखेगी। विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी, जब उन्हें मंगलवार को हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत में राउत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एकनाथ खडसे से मिले, जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले के सिलसिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वहां आए थे।

### तमिलनाडु : हिंदी थोपने के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने हिंदी थोपे जाने के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और आधिकारिक भाषा पर संसदीय समिति की रिपोर्ट में की गई सिफारिशें लागू नहीं करने का केंद्र से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा लाए गए प्रस्ताव में कहा गया कि नौ सितंबर को राष्ट्रपति को सौंपी गई सिफारिशें तमिल सहित राज्य भाषाओं के खिलाफ हैं और इन भाषाओं को बोलने वाले लोगों के हितों के भी खिलाफ हैं। संसदीय समिति ने जो सिफारिश की है वह दो भाषा की नीति के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव सदन द्वारा पारित किए गए।

## जरा हट के...



# उड़ान भरने के चंद सेकेंड बाद हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त



■ गोपेश्वर

केदारनाथ के निकट मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हुआ हेलीकॉप्टर हिमालई मंदिर के निकट हेलीपैड से उड़ान भरने के मुश्किल पांच सेकंड बाद ही दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। केदारनाथ हेलीपैड पर तैनात सुरक्षा कर्मी मनोहर सिंह ने बताया कि आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का हेलीकॉप्टर केदारनाथ के मात्र दो किलोमीटर दूर गरुड़चट्टी के निकट उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद घने कोहरे के बीच एक छोटी पहाड़ी से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सिंह ने बताया कि हेलीकॉप्टर पहाड़ी से टकराने के बाद टुकड़े-टुकड़े हो गया और इसमें आग लग गई। उन्होंने कहा, इलाके में धुएं की चादर छा जाने के कारण शुरुआत में कुछ नजर नहीं आया, लेकिन जिस तरफ से हादसे की आवाज आई थी, हम कोई उस दिशा में दौड़ पड़ा। सिंह ने कहा कि धुआं कम होते ही नजर आ रहा था कि हेलीकॉप्टर में आग लगी है और उसके टुकड़े गरुड़चट्टी की चट्टानों पर बिखरे हुए थे। हादसे के समय दुर्घटनास्थल से कुछ दूरी पर मौजूद पुजारी अंकुर शुक्ला ने कहा कि जब उन्होंने हेलीकॉप्टर के बड़े हिस्से से आग की लपटें उठती देखीं, तभी उन्हें आभास हो गया था कि यह हादसा भीषण है। शुक्ला को केदारपुरी लौटने के बाद हादसे की विस्तृत जानकारी मिली। हादसे की वजह घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होना प्रतीत होती है।

मोदी की यात्रा पर गहलोत ने कसा तंज

## गुजरात में पीएमओ की शाखा खोल दी जानी चाहिए

■ अहमदाबाद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बार-बार राज्य की यात्रा करने के मद्देनजर प्रदेश में पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) का एक अस्थाई कार्यालय बना देना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसते हुए कहा कि हावभाव और बोलने की शैली के मामले में वह मोदी के भाई जैसे लगते हैं। उन्होंने गुजरात में चुनाव प्रचार पर आप द्वारा खर्च किए जा रहे धन के स्रोत पर भी सवाल उठाया। मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल विधानसभा चुनावों से पहले बार-बार गुजरात का दौरा कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अनुपस्थिति सुस्पष्ट है। गुजरात चुनावों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक गहलोत ने कहा, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश चुनावों में जीत मिलने के अगले ही दिन से गुजरात का दौरा करना शुरू कर दिया था। दिल्ली (केंद्र) में कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्हें पीएमओ का एक अस्थाई कार्यालय गुजरात में खोल देना चाहिए, ताकि कामकाज सुगमता से चलता रहे।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री बहुत व्यस्त व्यक्ति होते हैं। उन्हें बार-बार राज्य का दौरा क्यों करना चाहिए? उनका नाम भर ही पर्याप्त है। क्या यह छोटी बात है कि इस राज्य के नेता प्रधानमंत्री हैं? (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह भी यहां डेरा डाल रहे हैं।

### मुलायम सिंह यादव की अस्थियां आज गंगा में विसर्जित की जाएंगी

इटावा। सपा के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव की अस्थियां बुधवार को प्रयागराज में गंगा नदी में विसर्जित की जाएंगी। पारिवारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके पहले यादव के बड़े बेटे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बहू व पूर्व सांसद डिंपल यादव और छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने सोमवार को हरिद्वार में पूर्व मुख्यमंत्री की अस्थियों का विसर्जन किया था। अखिलेश अपने परिजनों के साथ पिता का अस्थि कलश लेकर बुधवार सुबह 11 बजे हवाई जहाज से सैफई हवाई पट्टी से संगम तट प्रयागराज पहुंचेंगे।

## कांग्रेस विधायकों व मंत्रियों के इस्तीफे स्वीकार करें विधानसभा अध्यक्ष : भाजपा

■ जयपुर



राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को राज्य विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी से अनुरोध किया कि मंत्रियों व कांग्रेस विधायकों द्वारा पिछले दिनों दिए गए इस्तीफे स्वीकार कर लें। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज जोशी को उनके आवास पर एक ज्ञापन सौंपा। कटारिया ने कहा कि अगर इस्तीफे स्वीकार नहीं किए जाते हैं तो कांग्रेस विधायकों को उन्हें वापस ले लेना चाहिए और राज्य के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। कटारिया ने अपने ज्ञापन में कहा कि 25 सितंबर को संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर बैठक करने के बाद मंत्रियों सहित 91 कांग्रेस विधायकों ने स्वेच्छा से अपने अलग-अलग लिखे इस्तीफे दिए थे। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक, कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की उस बैठक के समानांतर आयोजित की गई थी, जिसे पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा कांग्रेस में अंदरूनी कलह और राजनीतिक संकट के कारण एक नए मुख्यमंत्री का चयन करने के निर्देश पर बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि करीब तीन सप्ताह बीत चुके हैं और 91 विधायकों के त्यागपत्र पर फैसला विधानसभा अध्यक्ष के पास विचाराधीन है।

उन्होंने कहा, भाजपा विधायक दल आपसे (जोशी) अनुरोध करता है कि स्वेच्छा से दिए गए विधायकों के त्याग पत्र स्वीकार करें या विधायक आपके सामने पेश होकर इस्तीफा वापस ले लें और राज्य के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन, शांति भारत एवं चीन के बीच सामान्य संबंधों का आधार

■ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा। सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन एवं शांति स्पष्ट तौर पर भारत और चीन के बीच सामान्य संबंधों का आधार है हालांकि समय समय पर शांतिपूर्ण ढंग से इन सीमा से जुड़े मसलों के समाधान के साथ जोड़ दिया जाता है। चीन की विदेश नीति और नए युग में अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय पर सेंटर फार कंटेम्पररी चीन स्टडीज के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह बात कही।

विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष गंभीर चुनौती का समय था और यह संबंधों एवं महाद्वीप की संभावनाओं को लेकर था। उन्होंने कहा, वर्तमान गतिरोध का जारी रहना भारत या चीन किसी के लिए भी लाभदायक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नई तरह की भाव भंगिमा, निश्चित तौर पर नई प्रतिक्रियाओं के रूप में आएगी।



भारत-चीन के संदर्भ में जयशंकर ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन एवं शांति स्पष्ट तौर पर सामान्य संबंधों का आधार है। उन्होंने कहा कि समय समय पर शांतिपूर्ण ढंग से इन सीमा से जुड़े मसलों के समाधान के साथ जोड़ दिया जाता है। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ अधिक संतुलित और स्थिर संबंध के लिए भारत की तलाश उन विविध क्षेत्रों एवं विकल्पों की ओर ले गई। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि इसके लिए शर्त बेहद मामूली रही है लेकिन 2020 में इसका भी उल्लंघन किया गया।

उन्होंने कहा कि 2020 के घटनाक्रम के मद्देनजर स्वाभाविक रूप से ध्यान प्रभावी सीमा सुरक्षा पर गया। जयशंकर ने कहा कि 2020 के बाद भारत और चीन के बीच असहमति दूर करने वाली व्यवस्था स्थापित करना आसान नहीं है लेकिन इस कार्य को दरकिनार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह तीन साझी बातों के आधार पर ही स्थाई बन सकती है, जिसमें आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और हित शामिल हैं।

# मोदी ने आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी को वैश्विक खतरा बताया

■ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध को मानवता के लिए वैश्विक खतरा बताया और कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व के एकजुट होने का समय आ गया है। राजधानी दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित 90वीं इंटरपोल महासभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि आतंकवाद सिर्फ भौतिक रूप से ही नहीं मौजूद है, बल्कि वह अब साइबर खतरों और ऑनलाइन कट्टरता के माध्यम से अपना दायरा बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, एक सुरक्षित दुनिया हमारी साझा जिम्मेदारी है। जब अच्छी ताकतें एक दूसरे का सहयोग करती हैं, तो अपराध की ताकतें काम नहीं कर सकती हैं। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध को मानवता के लिए खतरा बताते हुए कहा कि जब खतरे वैश्विक होते हैं, तो प्रतिक्रिया केवल स्थानीय नहीं हो सकती है।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों, ड्रग कार्टेल, अवैध शिकार गिरोहों या संगठित अपराधों के लिए कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं हो सकती है। इस महासभा में 195 देशों के प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं। इन प्रतिनिधियों में सदस्य देशों के मंत्री, पुलिस प्रमुख, केंद्रीय ब्यूरो के प्रमुख और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। महासभा की बैठक यहां 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगी। महासभा, इंटरपोल का सर्वोच्च शासी निकाय है और साल में इसकी एक बार बैठक होती है। इस बैठक में इंटरपोल के कामकाज की समीक्षा की जाती है और महत्वपूर्ण फैसले भी लिए जाते हैं। बैठक में वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। भारत में इंटरपोल महासभा की बैठक 25 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है। पिछली बार भारत में यह महासभा 1997 में हुई थी। भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस बार की महासभा का आयोजन नई दिल्ली में करने का विशेष मौका दिया गया है। महासभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, इंटरपोल के अध्यक्ष अहमद नासर अल रईसी और उसके महासचिव महासचिव जुर्गेन स्टॉक भी मौजूद थे।

## सीबीआई की अर्जी खारिज होने से न्यायपालिका में विश्वास बढ़ा : राजद

■ नई दिल्ली

राजद ने आईआरसीटीसी से जुड़े कथित घोटाले में बिहार के उपमुख्यमंत्री की जमानत रद्द करने संबंधी सीबीआई की अर्जी दिल्ली की एक अदालत द्वारा खारिज किए जाने पर मंगलवार को खुशी जाहिर की। राजद प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि इस फैसले ने न्यायपालिका में उनकी पार्टी (राजद) के विश्वास को मजबूत किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा, यह क्षण काफी राहत भरा और खुशी देने वाला है। तेजस्वी यादव ने सदा ही न्यायपालिका पर अपना पूरा विश्वास जताया है और यह साबित हो गया है। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने तेजस्वी से अधिक सावधानी बरतने और उपयुक्त शब्दों का चयन करने को कहा। बहस के दौरान तेजस्वी के वकील ने दावा किया कि उनके मुवक्किल ने जमानत के साथ लगाई गई किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है। तेजस्वी के वकील ने कहा, मैं (तेजस्वी) विपक्षी दल में हूं और गलत कार्य पर सवाल उठाना मेरा कर्तव्य है।

कांग्रेस चुनाव

### आज होगी मतगणना, 24 साल बाद बनेगा गैर-गांधी अध्यक्ष

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बुधवार को मतगणना होगी और इसी के साथ 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर कोई नेता देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष चुना जाएगा। पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के एक पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना बुधवार सुबह 10 बजे से आरंभ होगी और उसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा, देश के सभी मतदान केंद्रों से मतपेटियां कांग्रेस मुख्यालय लाई गई हैं। इन्हें कांग्रेस मुख्यालय के भीतर बने स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। पार्टी मुख्यालय में ही मतगणना होगी। माना जा रहा है कि मतगणना के मौके पर दोनों उम्मीदवारों के एजेंट के अलावा उनके समर्थक भी कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं समेत करीब 9500 डेलीगेट ने पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान किया था। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने बताया था कि करीब 96 प्रतिशत मतदान हुआ, हालांकि पूरे आंकड़े आने के बाद इसमें कुछ बदलाव हो सकता है। खड़गे और शशि थरूर इस चुनाव में उम्मीदवार हैं। गांधी परिवार से करीबी और कई वरिष्ठ नेताओं के समर्थन के चलते खड़गे की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

## प्रधानमंत्री के वादे और इरादे में अंतर, महिलाओं के साथ सिर्फ छल किया: राहुल

■ नई दिल्ली

बिलकीस बानो मामले की पृष्ठभूमि में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे और इरादे में अंतर साफ है तथा उन्होंने महिलाओं के साथ सिर्फ छल किया है। उन्होंने यह आरोप उस वक्त लगाया है जब एक दिन पहले सोमवार को गुजरात सरकार ने उच्चतम न्यायालय में कहा था कि बिलकीस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में 11 दोषियों को माफी देने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी ली गई थी। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, लाल किले से महिला सम्मान की बात, लेकिन असलियत में बलात्कारियों का साथ। प्रधानमंत्री के वादे और इरादे में अंतर साफ है, प्रधानमंत्री ने महिलाओं के साथ सिर्फ छल किया है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा, देश इंतजार कर रहा है मोदी जी, कुछ इस मुद्दे पर भी अपने मन की बात बताइए। खेड़ा ने बिलकीस मामले पर एक अन्य ट्वीट में कहा, जहां सरकार बलात्कार को शिकार का मजहब और बलात्कारी का धर्म देख कर अपने निर्णय ले, वहां कहां अब कुछ बचा है लड़ने को?



### राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने आंध्र प्रदेश में प्रवेश किया

कुरनूल (आंध्र प्रदेश)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को आंध्र प्रदेश में प्रवेश कर गई। वह पड़ोसी कर्नाटक से अलूरु निर्वाचन क्षेत्र के हलहर्वी पहुंचे। राहुल ने चत्रगुड़ी में हनुमान मंदिर से अपना पैदल मार्च जारी रखा। राहुल मंगलवार को अपनी यात्रा के तहत अलूरु, हट्टी बेलगल और मुगिटुली से होकर गुजरेंगे। वह अदोनी के छागी गांव में रात्रि विश्राम करेंगे। यह यात्रा 21 अक्टूबर तक आंध्रप्रदेश में जारी रहेगी, तब वह तेलंगाना के रास्ते कर्नाटक में फिर से प्रवेश करेगी।

## ज्ञानवापी: एएसआई 10 दिन में जवाबी हलफनामा दाखिल करे

एजेंसी ■ प्रयागराज

काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एएसआई को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर के तौर पर 10 दिनों का समय मंगलवार को दिया। जवाबी हलफनामा दाखिल करने की यह अनुमति विधि सेवा समिति के पास 10,000 रुपए का भुगतान करने की शर्त के साथ दी गई। यह राशि सुनवाई की अगली तारीख 31 अक्टूबर, 2022 को या इससे पहले जमा की जानी आवश्यक है। न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने वाराणसी के अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए और मोहलत दिए जाने के एएसआई के अनुरोध पर अदालत ने कहा, इस मामले पर दिन से सुनवाई की गई। इस बीच, वरिष्ठ अधिवक्ता शशि प्रकाश सिंह और एएसआई की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कम से कम एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। अदालत ने कहा, चूंकि यह दीवानी वाद वाराणसी की दीवानी अदालत में 1991 से लंबित है, न्याय हित में अंतिम अवसर के तौर पर 10 दिन का समय दिया जाता है।

### डी राजा को दूसरे कार्यकाल के लिए भाकपा महासचिव चुना गया

विजयवाड़ा। डी राजा को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए भाकपा का महासचिव चुना गया है। उन्हें यहां भाकपा की 24वीं राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक में सर्वसम्मति से महासचिव चुना गया। वामपंथी दल की राष्ट्रीय कांग्रेस में 11 सदस्यीय राष्ट्रीय सचिवालय का भी गठन किया, जिसमें डी राजा, के. नारायण, अतुल कुमार अंजान, अमरजीत कौर, कानम राजेन्द्रन, बी.के. कांगो, बिनय विश्वम, पल्लब सेनगुप्ता, अजीज पाशा, आर कृष्ण पांडा और नागेंद्रनाथ ओझा शामिल हैं। भाकपा ने 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी और 99 सदस्यीय राष्ट्रीय परिषद का भी गठन किया।

अदालत | सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों को रिहा किए जाने वाली याचिका

## बिलकीस बानो मामले में गुजरात सरकार का जवाब बहुत बोझिल : कोर्ट

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि बिलकीस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में 11 दोषियों को रिहा किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुजरात सरकार का जवाब बहुत बोझिल है जिसमें कई फैसलों का हवाला दिया गया है लेकिन तथ्यात्मक बयान गुम है।

शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को गुजरात सरकार के हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया और कहा कि वह याचिकाओं पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगी जिनमें 2002 के मामले में दोषियों को सजा में छूट और उनकी रिहाई को चुनौती दी गई है।

मामला गुजरात में हुए दंगों से जुड़ा है जिनमें



बिलकीस के परिवार के सात लोग मारे गए थे।

न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी टी रवि कुमार की पीठ ने कहा, मैंने कोई ऐसा जवाबी हलफनामा नहीं देखा है जहां निर्णयों की एक श्रृंखला उद्धृत की गई हो। तथ्यात्मक बयान दिया जाना चाहिए था। अत्यंत बोझिल जवाब। तथ्यात्मक बयान कहां है, दिमाग का उपयोग कहां है? पीठ ने निर्देश दिया कि गुजरात सरकार द्वारा दायर जवाब सभी पक्षों को उपलब्ध कराया जाए। माकपा की वरिष्ठ नेता सुभाषिनी अली और दो अन्य महिलाओं ने दोषियों की सजा में छूट दिए जाने और उनकी रिहाई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है।

शुरू में याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। न्यायमूर्ति रस्तोगी ने कहा कि इससे पहले कि वह गुजरात सरकार के जवाब को पढ़ पाते, यह अखबारों में दिखाई दे रहा था। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि उन्होंने ऐसा कोई जवाबी हलफनामा नहीं देखा है जिसमें कई फैसलों का हवाला दिया गया हो। उन्होंने कहा, "आसान संदर्भ के लिए निर्णयों का उल्लेख किया गया, इससे बचा जा सकता था। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अजनबी और तीसरे पक्ष सजा में छूट तथा दोषियों की रिहाई को चुनौती नहीं दे सकते। शीर्ष अदालत ने इसके बाद याचिकाकर्ताओं को समय दिया और मामले की सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख तय की। गुजरात सरकार ने सोमवार को शीर्ष अदालत में 1992 की छूट नीति के अनुसार दोषियों को रिहा करने के अपने फैसले का बचाव किया था और कहा था कि दोषियों ने जेल में 14 साल से अधिक की अवधि पूरी कर ली थी तथा उनका आचरण अच्छा पाया गया था।

# अनाज को लेकर लापरवाही न बरतें

हरियाणा में खुले में रखा करीब 83 करोड़ मूल्य का 45 हजार मीट्रिक टन गेहूं यदि खराब हुआ तो कहीं न कहीं इसके मूल में भ्रष्टाचार व गैरजिम्मेदारी भी निहित है। विडंबना ही है हरियाणा के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र तथा फतेहाबाद आदि में खुले में रखे अनाज का बर्बाद हो जाना जो मामले की गंभीर जांच की जरूरत बताता है। कहा जा रहा है कि इस बर्बादी के मूल में भ्रष्टाचार भी एक कारण रहा होगा। ठीक वैसे ही जैसे जंगल में अवैध कटान के सबूत मिटाने के लिये आग लगाने की घटनाएं प्रकाश में आती रही हैं। इस शक की वजह यह भी रही है कि गेहूं की ढुलाई में जिन वाहनों के नंबर दिये गये थे, वे दुपहिया या फिर जाली नंबर वाले निकले। मामले में हरियाणा के खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की जांच एक ऐसी व्यवस्था की ओर इशारा करती है, जिसमें निहित स्वार्थों के लिये अधिकारी विवेकहीन व्यवहार करते हैं, वहीं कुछ अधिकारियों के लालच की भी भूमिका होती है। तभी तो कहा जाता है कि लालच व्यक्ति के विवेक को निगल जाता है। अन्यथा किसान के खून-पसीने से उगाया और आयकर दाताओं के पैसे से खरीदा गया अनाज खुले आसमान तले यूं ही बर्बाद होने के लिये नहीं छोड़ दिया जाता। दरअसल, वर्ष 2018 में खराब मौसम यानी बारिश में भीग जाने के बाद हजारों बोरी गेहूं को सड़ने दिया गया। बाद में जांच-पड़ताल होने पर इसमें से सुरक्षित गेहूं का अंश अलग कर दिया गया जो बाद में नीलामी में बिक्री योग्य पाया गया। शेष अनाज को सड़ा हुआ घोषित कर दिया गया। बाद में खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के पांच अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया। जिन पर इस नुकसान की जवाबदेही तय करने की बात कही जा रही है। जैसा कि अक्सर होता आया है इस मामले के खुलासे के बाद आरोप-प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है। हर कोई जवाबदेही से मुक्त होने का प्रयास करते हुए खुद को पाक-साफ बताने की कोशिश में है। आरोप लगाये जा रहे हैं कि भारतीय खाद्य निगम इसके लिये दोषी है क्योंकि समय रहते अनाज को उठाया नहीं गया। वहीं फर्जी बिलों के मामले उजागर होने से इसमें भ्रष्टाचार की गंध भी आ रही है।

**विडंबना देखिये कि एक ओर कुछ लोग दो जून की रोटी नहीं जुटा पाते, वहीं खुले आसमान के तले लाखों टन अनाज बारिश में भीगने के लिये छोड़ दिया जाता है। बेशक, यह एक आपराधिक लापरवाही है और इसकी जवाबदेही तय की जानी जरूरी है।**

## वैदिक विचार
–स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### सोमपान

*सोमं मन्यते पपिवान् यत् संपिष्‍न्त्योषधिम्।*
*सोमं यं ब्रह्माणो विदुर्न तस्याश्नाति पार्थिवः। ऋ 10.85.6, अ 14.1.3*

समें सरसता, साम्यता, प्रियता हो उसे सोम कहते हैं। परमात्मा परम सरस, परम सोम्य और परम प्रिय है अतः सोम है। देह में जो सरसता, सोम्यता और प्रियता है वह आत्मा की है अतः आत्मा सोम है। पुत्र सोम है क्यों कि माता-पिता के लिए उसमें सोम्यता और प्रियता है। सोमरस भी सोम है क्यों कि उसमें सरसता है। सोम शब्द वेद में निम्न अर्थो का वाचक है, व्रह्म, आत्मा, सुपेय, स्नेह, रस, संसार, एंश्वर्य, प्रेम, भक्ति, ओषधि, ज्ञान, ज्ञानी, भक्त, योगी, यज्ञ, चंद्र, लोक, वायु, प्राण, स्तुति, पुत्र, शिष्य, राष्ट्र, राजा, वीर्य, आनन्द, अन्न, अमृत, प्रिय, हर्ष, सौंदर्य, प्रजा, सखा, जल, गोदुग्ध। प्रत्येक का अपना अपना सोम है। किसी का सोम पेय है।
किसी का सोम पत्नी है। किसी का सोम पुत्र है।किसी का सोम शिष्य है। किसी का सोम सूर्य है। किसी का सोम उषा है। किसी का सोम सखा है। किसी का सोम पेय है।संसारी लोगों का सोम अलग अलग है। परन्तु ज्ञानियों का जो सोम है, ब्रहास्थ भक्त जन जिस सोम का पान किया करते हैं वह ब्रह्मसोम है। ब्रह्मज्ञ और ब्रह्मपरायण ही ब्रह्मसोम का पान किया करते हैं। संसारी जन इस सोम का पाननहीं कर पाते।

## आज का विचार
–डॉ. विनोद दीक्षित

### वितरण से वृद्धि होती है

मनुष्य यदि अपना , समाज और राष्ट्र का विकास करना चाहता है तो उसे वितरण की प्रवृत्ति को बढ़ाना होगा। विकासशीलता का यही एक अमोघ मंत्र है। ज्ञान की वृद्धि करनी है तो ज्ञान पिपासु को ज्ञान वितरित करो ,धन की वृद्धि करनी हो तो सदैव सत्कर्म और सत्पात्र के लिए धन का व्यय करो निश्चित वृद्धि होगी, शुभ बांटेगे तो प्रतिफल में शुभ ही प्राप्त होगा और यदि अशुभ है बाटेंगे तो प्रतिफल में अशुभ ही बढ़ेगा। वितरण वृति वृद्धि और समृद्धि का चरण है। वितरण करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर की कृपा भी निरंतर बनी रहती है।आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

## पत्र मिला

### फिर बन रहे हैं मंदी के हालात

दुनिया खेमों में बंट रही है। तब क्या जी-20 की ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिस कारण यह एक महत्वपूर्व समूह बना था? इंडोनेशिया के बाली हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी-20 में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान 2008 की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर चीन पर प्रतिबंध लगाने के ऐलान कर दिए।
**कन्हैयालाल शर्मा, नई दिल्ली।**

समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा। प्रकाशित सामग्री या विज्ञापन से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है।

# अमृत काल में जी-20 की अध्यक्षता

**ऐसा पहली बार हुआ कि जी-20 के मंच पर सभी नेता ग्रुप फोटो के वास्ते नमूदार नहीं हुए। वजह गुटबाज़ी थी, इसे मानकर चलिए। यहां तक कि शर्ट के रंग भी हममिज़ाज नेता एक-दूसरे से मैच कर पहन रहे थे। कहीं गुलाबी, तो कहीं ब्लू परिधान में भी विश्व नेता नुमायां हुए। 15-16 नवंबर, 2022 के जी-20 सम्मेलन में भारत को पहली बार अध्यक्षता मिली। खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ कोविड सहयोग फंड बनाने के भारतीय सुझाव को सहभागी नेताओं ने माना, इसे हम उपलब्धि मान सकते हैं।**



पुष्परंजन
लेखक वरिष्ठ टिप्पणीकार हैं।

इंडोनेशिया के नूसा डुआ में नौ हज़ार 762 शब्दों का विशालकाय घोषणापत्र। 'जी-20 बाली लीडर्स डिक्लारेशन', के 52 बिंदुओं को पढ़ते-पढ़ते आप थक जाएंगे। इसमें खाद्य सुरक्षा है, जैव विविधता को संरक्षित करने के साथ पर्यावरण को दुरुस्त करने का संकल्प है, महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अवसर देने, स्वस्थ टिकाऊ और सस्ती ऊर्जा, व्यापार जैसे प्रमुख विषय शामिल हैं। घोषणापत्र में सारी समस्याओं का अधिकेंद्र यूक्रेन युद्ध को माना गया है। कोविड के कोढ़ में यूक्रेन युद्ध खाज की तरह। जी-20 का अध्यक्ष देश भारत चाहता है कि यूक्रेन में जंग को तत्काल विराम लगे। मगर, सवाल है कि क्या रूस नूसा डुआ में जारी घोषणापत्र से सहमत है? और राष्ट्रपति पुतिन 9 से 10 सितंबर, 2023 को दिल्ली के प्रगति मैदान में आहूत जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे?
ऐसा पहली बार हुआ कि जी-20 के मंच पर सभी नेता ग्रुप फोटो के वास्ते नमूदार नहीं हुए। वजह गुटबाज़ी थी, इसे मानकर चलिए। यहां तक कि शर्ट के रंग भी हम मिज़ाज नेता एक-दूसरे से मैच कर पहन रहे थे। कहीं गुलाबी, तो कहीं ब्लू परिधान में भी विश्व नेता नुमायां हुए। 15-16 नवंबर, 2022 के जी-20 सम्मेलन में भारत को पहली बार अध्यक्षता मिली। खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ कोविड सहयोग फंड बनाने के भारतीय सुझाव को सहभागी नेताओं ने माना, इसे हम उपलब्धि मान सकते हैं।
जी-20 के मंच पर शी चिनफिंग और जो बाइडेन ने लगभग स्पष्ट कर दिया कि हम प्रतिस्पर्धा करें, मगर रेड लाइन को पार न करें। चीन की लक्ष्मण रेखा ताइवान है। शी चाहते हैं कि ताइवान के कंधे से बंदूक चलाना अमेरिका बंद करे, तो बिज़नेस बढ़ाने की बात करें, और पर्यावरण संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो। यह भी तय हो गया कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी जे ब्लिंकन 2023 के शुरुआती हफ्तों में चीन की यात्रा करेंगे। लेकिन इस यात्रा से पहले अमेरिका को यह स्पष्ट करना होगा कि चीन के विरुद्ध जो प्रतिबंध लगाये थे, वे हटा दिये गये हैं।
इंडोनेशिया के समानांतर मिस्र के शरम अल शेख़ में 6 से 18 नवंबर तक चलने वाले 'सीओपी-27 कांफ्रेंस' में अमेरिकी पर्यावरण प्रतिनिधि जॉन कैरी और उनके चीनी समकक्ष शिए ज़नहुआ के बीच लंबी मुलाक़ात से यह दिखने लगा है कि दोनों दिग्गज देश ग्लोबल वार्मिंग को दुरुस्त करने के प्रति अब गंभीर हैं। तीन महीने पहले यूएस हाउस स्पीकर नैंसी पलोसी की ताइवान यात्रा से जो कड़वाहट पैदा हुई थी, नूसा डुआ से शरम अल शेख़ तक उसे कम करने के प्रयास दिखे हैं।



कोविड के बाद लगे प्रतिबंध से जो आर्थिक नुकसान दोनों तरफ हुए हैं, उसकी भरपाई के वास्ते अमेरिकी क्लब के बड़े देश तेज़ी से आगे बढ़े हैं। यह दिलचस्प है कि अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज़ 4 नवंबर, 2022 को चीन के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी प्रधानमंत्री ली खछियांग से बगलगीर होते दिख रहे थे। जर्मनी को सौ के क़रीब एयरबस का सौदा करना है, बदले में जर्मनी के हैम्बर्ग बंदरगाह के टोलेरोर्ट कंटेनर टर्मिनल पर चीनी जलयान कंपनी कोस्को को 35 फीसद हिस्सेदारी देनी है। अक्तूबर, 2022 तक इसका व्यापक विरोध जर्मनी में हुआ था। हफ्ते भर में चमत्कार हुआ, और जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज़ ने पेइचिंग प्रस्थान से पहले हैम्बर्ग बंदरगाह में चीनी एंट्री को हरी झंडी दे दी। जर्मन नीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र के आगे कैसे नतमस्तक होता है, उसका नमूना है यह। पांच साल पहले 1 दिसंबर, 2016 को जर्मनी जी-20 का सदस्य देश बना था। जर्मनी की देखा-देखी जी-20 के बाक़ी देश चीन की तरफ़ तेज़ी से लपकेंगे, इसे मानकर चलें। फ़िर अमेरिकी प्रतिबंध के बने रहने का मतलब क्या रह जाता है?
कोई पूछ सकता है जी-20 के इस मंच पर फायदा किसे और क्यों हुआ है? जो दिखता है, वो यही कि भारत को एक साल के लिए एक बड़े मंच पर नेतृत्व दिखाने का अवसर मिला है। लेकिन वही भारत, दक्षेस को आगे बढ़ाने में विफल क्यों साबित हुआ? इस सवाल का उत्तर भी ढूंढ़ना चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता आज़ादी के अमृतवर्ष में मिले, इसकी रणनीति प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत पहले बना ली थी। 30 नवंबर से 1 दिसंबर, 2018 तक अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में जी-20 की शिखर बैठक थी। समापन वाले दिन पीएम मोदी का आग्रह था कि 2022 की शिखर बैठक भारत में हो, ताकि देश की आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ की रौनक में चार चांद लग जाएं। इस वास्ते इटली को मनाना आवश्यक था।
अर्जेंटीना के बाद 2019 में जापान, नवंबर, 2020 तक सऊदी अरब और इंडिया का टर्न 2021 में आ चुका था। 2022 में जी-20 की अध्यक्षता की बारी इटली की थी। इटली के प्रधानमंत्री जुसेपे कोंते जी-20 की अध्यक्षता को आगे-पीछे करने के वास्ते सहजता से कैसे राजी हो गये? जिसने भी सुना हैरान हुआ। जुसेपे कोंते 30 अक्तूबर, 2018 को दिल्ली आये थे। कोंते की उस यात्रा में भारत-इटली के बीच आर्थिक व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहकार के बड़े-बड़े संकल्प किये गये थे। 29 और 30 अक्तूबर, 2018 को पीएम मोदी को जापान में रहना था, मगर जुसेपे कोंते से मिलने की शिद्दत इतनी थी, कि उस यात्रा को थोड़ा पीछे किया गया। आज़ादी के अमृत वर्ष में भारत को जी-20 की अध्यक्षता का जो अवसर मिला है, उसका श्रेय इटली को जाता है। आज़ादी की लड़ाई विदेशी भगाओ, विदेशी वस्तुओं की होली जलाओ जैसी भावनाओं से लबरेज रही है। क्या उसका जी-20 से कोई मेल है? 1999 में जी-20 की आधारशिला ग्लोबल अर्थव्यवस्था, व्यापार, कृषि व ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के निस्बतन रखी गई। सबसे पहले यह आइडिया दुनिया के सात समृद्ध देशों के वित्तमंत्रियों व सेंट्रल बैंक के गवर्नरों ने विकसित किया था। समय के साथ जी-20 में पर्यावरण, आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई और महिला अधिकार जैसे विषय जुड़ते चले गये। सात से बढ़ते-बढ़ते 19 देश और यूरोपीय संघ को मिलाकर 20 समूह, जी-20 के सदस्य हैं। 19 देशों के बीच संगठन की अध्यक्षता बारी-बारी से घूमती रहती है। जी-20 का मंच अमेरिका केंद्रित है, इस सच को स्वीकारने से हम कतराते हैं। याद कीजिए कि डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका की वजह से महिला अधिकार जी-20 के एजेंडे में शामिल किया गया था। पेरिस सम्मेलन में पर्यावरण को लेकर अमेरिका अड़ गया, तो जी-20 संकट में आ गया। नूसा डुआ में जो बाइडेन और शी शिद्दत से मिले, तो सबको सम्मेलन की सफलता नज़र आने लगी। यह किसी को नहीं दिख रहा कि 600 बिलियन डॉलर की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का अर्थशास्त्र इस भरत मिलाप के पीछे काम कर रहा है।

## किसने क्या कहा...



विक्रम–एस का सफल परीक्षण भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण : नरेन्द्र मोदी



आतंकवाद को किसी धर्म, राष्ट्रीयता या समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए : अमित शाह



राहुल ने सावरकर पर निशाना नहीं साधा, सिर्फ तथ्य रखे हैं, एमवीए पर असर नहीं होगा : जयराम रमेश



काशी तमिल समागम अद्भुत और ऐतिहासिक होगा : धर्मेंद्र प्रधान

## कार्टून...




# जन्म लेते ही हासिल शिखर की शोहरत

**आठ अरबवां बच्चा**

अरुण नैथानी

पहली बात तो यह है कि हमारी दुनिया का परिवार आठ अरब का आंकड़ा छू चुका है। मेडिकल साइंस की तरक्की और जीवन की प्रत्याशा में वृद्धि से दुनिया की आबादी निरंतर बढ़ती जा रही है। कुछ लोग कह सकते हैं कि बढ़ती आबादी अवसर हैं, मानवीय संसाधन है तो कुछ कह सकते हैं प्राकृतिक संसाधनों पर बोझ हैं। बहरहाल, दुनिया में आठ अरबवां बच्चा पैदा हो चुका है। यह कहना ठीक-ठीक संभव नहीं होता है कि आठ अरबवां बच्चा कहां पैदा हुआ और कौन है। इसके बावजूद दुनिया में एक व्यवस्था है यह घोषणा करने की। संयुक्त राष्ट्र के अनुषांगिक संगठन ने फिलीपीन्स की राजधानी मनीला स्थित टोंडो में जन्मी एक बच्ची को दुनिया के आठ अरबवें व्यक्ति के रूप में मान्यता दी है। टोंडो के डॉ. जोस फेबेला मेमोरियल अस्पताल में विनिस माबनसाग का जन्म पंद्रह नवंबर को हुआ। फिलीपींस के जनसंख्या और विकास आयोग के तत्वावधान में नर्सों, डॉक्टरों व अन्य लोगों ने उसके जन्म का उत्सव मनाया। सोशल मीडिया पर उसके जन्म की धूम रही। मां-बाप के लिये बच्ची पैदा होते ही खास हो गई क्योंकि उसके पैदा होते ही बच्ची व मां का फोटो वायरल हो गया। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे महत्वपूर्ण क्षण माना। जन्म को संख्या से परे देखने व पृथ्वी व इस पर रहने वाले लोगों की रक्षा के सामूहिक दायित्व का उल्लेख किया। दरअसल, पिछले ग्यारह वर्षों में दुनिया सात से आठ अरब तक पहुंची है। कहा जा रहा है कि अगले साल भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन जायेगा। अनुमान है कि दुनिया की आबादी को आठ अरब से नौ अरब होने में पंद्रह साल का वक्त लगेगा।
दरअसल, साधारण परिवारों में खास संख्या के प्रतीक के रूप में पैदा हुए ये बच्चे रातों-रात वैश्विक शोहरत से संपन्न हो जाते हैं। वह भी बिनी किसी विशेष योगदान के। प्रसिद्धि के साथ कई तरह के दबाव भी इन बच्चों पर हावी रहते हैं। इनसे कुछ विशिष्ट करने की उम्मीद की जाती है। मीडिया के निशाने पर आने से उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित होती है। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश की सदिया सुल्तान ओइशी दुनिया में सात अरबवीं बच्ची घोषित हुई थी।




इससे पहले संयुक्त राष्ट्र ने पांचवें, छठे व सातवें अरब बच्चे के प्रतीक के रूप में कुछ बच्चों को चुना था। वर्ष 1987 के जुलाई माह में क्रोएशिया की राजधानी ज़ाग्रेब के मैटरनिटी अस्पताल में ताज गास्पर को पांच अरबवां बच्चा घोषित किया गया तो मीडिया व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के अधिकारियों की चमक-दमक के बीच अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई थी। दरअसल, यूएन ने जनसंख्या के आंकड़ों को मानवीय चेहरा देने की कोशिश की थी। आज भी यह बच्चा जाग्रेब में रहता है और मैकेनिकल इंजीनियर है। लेकिन वह मीडिया से दूर रहने की लगातार कोशिश करता है।
जहां दुनिया की आबादी आठ अरब होने को कुछ लोग बढ़ती आबादी से उपजी समस्या के रूप में देखते हैं, वहीं कुछ जनसंख्या विशेषज्ञ इसे आठ अरब सपनों तथा आठ अरब संभावनाओं के रूप में देखते हैं। बहरहाल, जनसंख्या आंकड़ों को मानवीय चेहरा देने की कोशिश के कई तरह के दबाव ये बच्चे झेलते रहे हैं। मसलन बांग्लादेश के ढाका में रहने वाली सात अरबवीं बच्ची सादिया सुल्ताना अपने परिवार की आर्थिकी तंगी के बीच जीवन के संघर्ष से जूझ रही हैं। उसकी आर्थिक स्थिति में इस ताजपोशी से कोई बदलाव नहीं आया है। वह स्वाभाविक बचपन नहीं जी पा रही है और परिवार के काम में मदद करती है। आम लोगों की तरह छोटा-मोटा कारोबार करने वाला उसका परिवार कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उसका सपना है कि वह डॉक्टर बने, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है। फिर भी पिता तीन बेटियों के जीवन यापन के साथ उसके सपने को पूरा करने का वायदा करते हैं। वहीं यूरोपीय देश बोस्निया-हर्जेगोविना में जन्मे दुनिया के सात अरबवें बच्चे अदनान मेविक आज तेईस साल के हो चुके हैं। आज वे अपनी अर्थशास्त्र की पढ़ाई पूरी करके नौकरी की तलाश में हैं। लेकिन वे अपने देश में तेजी से घट रही जनसंख्या से खासे चिंतित हैं। दरअसल, जब अदनान को सात अरबवां बच्चा घोषित किया गया था तो संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान वहां मौजूद थे। तब अस्पताल में मौजूद अतिविशिष्ट लोगों, डॉक्टरों व नर्सों की फौज के बीच अदनान की मां फतिमा चौंकी थी कि ऐसा क्या घट गया कि हम विशिष्ट हो गये हैं। बहरहाल, दुनिया की आबादी का आठ अरब का आंकड़ा छूना कई सवालों को भी जन्म देता है। पिछले दो सालों की कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को छिन्न-भिन्न किया है। खासकर गरीब आबादी और गरीब हुई है। दुनिया के तमाम देशों में आर्थिक असमानता की खाई और गहरी हुई।

## उपदेश

प्रभात का समय अति सुंदरता का होता है। धरती पर हमारे अस्तित्व के समस्त चमकीले रंग इस समय प्रकट हो जाते हैं। हममें से जो लोग किसी समुद्रतट या द्वीप पर छुट्टियां मनाने के लिए गए हों, उन्होंने देखा होगा कि वहां किस तरह लोग सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखने के लिए बाहर कुर्सियां डालकर बैठ जाते हैं। यह दिन का वो अभूतपूर्व समय होता है जबकि सूर्य विभिन्न सुंदर रंगों से आकाश को सजा देता है। परंतु इस भौतिक संसार के सूर्योदय और सूर्यास्त मात्र कुछ क्षणों के लिए ही होते हैं। पूरे विश्व में सूर्योदय के समय को बहुत ही विशेष माना जाता है। कविता की भाषा में कहें तो यह समय आशा का प्रतीक होता है, क्योंकि प्रभात या प्रातःकाल का आना अंधकार के अंत को दर्शाता है। आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहे लोगों के लिए सूर्योदय का समय खुशियों और आनंद का प्रतीक है। अध्यात्म की भाषा में कहें तो प्रभात उस समय का प्रतीक है जब हमारी आत्मा प्रभु-प्रेम की जगमग किरणों में नहा उठती है। प्रभात हमारी आत्मा की उस नवीन अवस्था को दर्शाता है जब उसे पहली बार दिव्य प्रकाश और परमानंद का अनुभव होता है। आंतरिक ज्योति और श्रुति पर ध्यान टिकाने वाले एक ऐसे आध्यात्मिक प्रभात के लिए प्रार्थना करते हैं जो कभी खत्म न हो। ऐसे लोगों के लिए प्रभात वो समय होता है जब आत्मा ध्यानाभ्यास करके प्रभु के दिव्य प्रेम से रोशन हो जाती है। वे चाहते हैं कि वे हमेशा इस अनंत सुंदरता और अथाह प्रकाश की अवस्था में ही रहें।



***पूरे विश्व में सूर्योदय के समय को बहुत ही विशेष माना जाता है। कविता की भाषा में कहें तो यह समय आशा का प्रतीक होता है, क्योंकि प्रभात या प्रातःकाल का आना अंधकार के अंत को दर्शाता है। आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहे लोगों के लिए सूर्योदय का समय खुशियों और आनंद का प्रतीक है।***

## पूरन लाल चौधरी की एक और पाठ योजना राज्य पुरस्कार के लिए हुई चयनित

**अमर ख्याल ब्यूरो**

**महसी( बहराइच )** शिक्षकों को योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा कराई गई राज्य स्तरीय आदर्श पाठ योजना प्रतियोगिता में जनपद बहराइच के शिक्षक पूरनलाल चौधरी ने बाजी मारी है। देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों में से मात्र पूरन लाल चौधरी की पाठ योजना ही पुरस्कार के लिए चयनित हुई है। राज्य स्तर पर उनकी यह लगातार तीसरी पाठ योजना शामिल की गई है। राज्य अध्यापक पुरस्कार 2021 से सम्मानित पूरन लाल चौधरी जनपद बहराइच के प्राथमिक विद्यालय बरुआ बेहड़ में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं इससे पूर्व उन्होंने राज्य स्तर पर आओ गढ़े कहानी, कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री के माध्यम से शिक्षण एवं अनेक प्रतियोगिताओं में बाजी मार चुके हैं। शिक्षकों को योजनाबद्ध तरीके से शिक्षा कार्य करने हेतु पाठ योजनाएं निर्मित की जाती है जिनकी राज्य स्तर पर प्रतियोगिता भी आयोजित होती है। इस बार सभी जनपदों से लगभग 800 पाठ योजना राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ को प्राप्त हुई थी पूरन लाल चौधरी ने कक्षा 4 के पर्यावरण विषय पर अपनी पाठ योजना प्रस्तुत की थी जो बहराइच,गोंडा, श्रावस्ती एवं बलरामपुर जनपदों में सर्वश्रेष्ठ मानी गई है उनकी इस उपलब्धि से शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है सभी पूरन लाल चौधरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा ने 22 क्षय रोगियों को लिया गोद





**अमर ख्याल,मसरूर अली**

**पचपेड़वा(बलरामपुर)**प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में 22 क्षय रोगियों को गोद लिया गया।कार्यक्रम में क्षय रोगियों टीवी के बचाव एवं नियमित रूप से इलाज लेने के बारे में जागरूक किया गया। सभी डॉक्टरों ने अपने निजी कोष से एक झोले में चना गुड़ मूंगफली दाना सोयाबीन किशमिश बिस्कुट सेब रख कर के प्रत्येक क्षय रोगियों को एक एक झोला दिया ।इस अवसर पर अधीक्षक डॉ विजय कुमार चिकित्सा अधिकारी डॉ गयासुद्दीन खान, डॉ सुल्ताना,डाक्टर सफीउल्लाह डॉक्टर रईस डॉ राजकुमार सिद्धार्थ डा पीसी गौतम डॉक्टर मसूद अहमद डॉक्टर अनिल पटेल डॉक्टर सरिता मल टीवी चैंपियन पूजा भारती अमित पांडे महेंद्र रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## खंबा टूट जाने से तीन दिन से 40 घरों की बत्ती गुल



**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** पटवाई/रामपुर मार्ग की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने सड़क के किनारे लगे 11 हजार की लाइन के बिजली के खंबे को टक्कर मारी जिससे छह खंभे गिर गए।पटवाई क्षेत्र के मदारपुर का मजरा चंडका गांव के बाहर सड़क किनारे लगे लाइन के बिजली के खंबे को रात्रि में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे छह खंबे टूट गए और पूरे मजरे की बिजली गुल हो गई। इस बात की शिकायत बिजली विभाग ने पटवाई थाने में की। बिजली विभाग के जेई निरंजन कुमार गुप्ता ने बताया कि पटवाई थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है खंभे गिरने से 20-25 घरों की लाइट गायब हुई है इसमें 6 खंबे गिरे हैं जिसके खर्चे का स्टीमेट बनाया जा रहा है।

## घायल गोवंशों का राष्ट्रीय गौरक्षक सेना प्रदेश अध्यक्ष ने कराया उपचार

**संवाददाता मोहम्मद आदिल**

**मुरादाबाद बिलारी** – तहसील क्षेत्र में अलग अलग जगहों से स्थानीय व्यक्तियों के द्वारा बेसहारा घूम रहे घायल गोवंशों की जानकारी राष्ट्रीय गौरक्षक सेना प्रदेश अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान को मिली सूचना मिलने पर बिलारी सिरसी मार्ग सिरोही बैंकट हाल के नजदीक घायल पड़े गौवंस का अपनी टीम जिला संगठन मंत्री विशाल ठाकुर जिला गौरक्षा प्रमुख गोपी चंद मीडिया प्रभारी राजकुमार कश्यप, सत्येन्द्र भटनागर आदि ने पहुँचकर ट्रीटमेंट कराया बहीं ग्राम ज्वालापुरी और ग्राम सतारन में भी कई बेसहारा घायल गोवंशों का ट्रीटमेंट कराया इधर जरगांव रेलवे स्टेशन से अहमदाबाद कसौरा को जाने वाले रोड के किनारे एक गौ माता मृत अवस्था में पड़ी थीं जिसकी जानकारी प्रदेस अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान को देर रात संजीव कुमार के द्वारा प्राप्त हुयी जानकारी मिलने पर तुरन्त रात को ही जरगांव चौकी इंचार्ज हरेस शर्मा और अहमदाबाद कसौरा के ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मदद से विधि विधान पूर्वक नमक और कपड़ा उड़ाकर अंतिम संस्कार कराया कुबेर सिंह चौहान ने ग्राम प्रधान और सभी गाँव बालों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अगर सभी लोग गोवंशों से प्यार करने लगें और उनका पालन करें तो गोवंशों को दर दर भटकना न पड़े।

## शौचालयों के अपूर्ण होने से शौच को बाहर जाने के लिए बिवश हो रहे ग्रामीण



**अमर ख्याल ब्यूरो**

**बहराइच ।** स्वच्छ भारत मिशन योजना लागू होने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ेगा लेकिन शौचालयों के अधूरे होने के चलते ग्रामीण खुले में शौच करने के लिए विवश है। ग्राम पंचायत बिजलीपुर विसुनापुर में जहां एक ओर अंजली देवी,मुन्नी देवी,अनीता देवी सहित दो दर्जन महिलाओं को शौचालय नहीं दिया गया है। वहीं पर जानकी देवी सहित लगभग डेढ़ दर्जन महिलाओं के शौचालय के नाम पर 500 ईटा ही मिला है।जिससे उनके शौचालय पूरे नहीं हो सके है। कई अपूर्ण शौचालय में लोग लकड़ी,कंडा भर रहे हैं।इसी दशा में महिलाएं शौच के लिए बाहर जाने को विवश दिखाई देती है

# जिला अधिकारी ने राज्यपाल के संभावित दौरे के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

अमर ख्याल

पीलीभीत। महामहिम राज्यपाल के संभावित दौरे के दृष्टिगत जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने जनपद के एसएसबी गेस्ट हाउस, ग्राम पंचायत सचिवालय नगरिया खुर्द कलां व उच्च प्राथमिक विद्यालय नौजलिया की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी कलीनगर को निर्देशित किया गया कि पंचायत सचिवालय तक मार्ग के मरम्मत कार्य, साफ सफाई, ग्राउण्ड की साफ, टेन्ट व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं सहायतों समूहों द्वारा उत्पादन की जा रही सामाग्री, गांव की आबादी, विभिन्न पेंशन योजनाओं, गोल्डन कार्ड, राशनकार्ड व मनरेगा जाबकार्ड के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जहॉ जहॉ विद्युत के तार ढीले हो उन्हे ठीक कराया जाये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नौजलिया उच्च प्राथमिक विद्यालय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पुट्टी, रंगाई पुताई, खिडकियों की मरम्मत सहित अन्य मरम्मत कार्य कराने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि टूटी फूटी अल्मारियों व अनुपयोगी सामाग्री को हटाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उन्होंने ऑगनबाडी केन्द्र का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के खेल सामाग्री व खाद्य सामाग्री को भी देखा गया और कार्यक्रम अधिकारी से ऑगनबाडी कार्यकत्रियों के भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं की जांच व खाद्यान्न वितरण के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान पाण्डल व्यवस्था, स्टाल व्यवस्था सहित अन्य समस्त व्यवस्थाऐं कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि परिसर में जो भी कक्ष जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं उन्हें ठीक कराकर उनके सामाने निष्प्रयोज्य लिखवाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित सीमा के अंदर समस्त कार्य कराना सुनिश्चित करें



इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री रामसिंह गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी पूरनपुर सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे

# पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

## पुलिस ने लापता बच्ची को सकुशल बरामद कर परिवारजनों के सूपुर्द किया

अमर ख़्याल। राहुल कुमार



रामपुर। गुरुवार को करीब 20:30 बजे भूकनलाल पुत्र हरदेव सिंह निवासी इमरता चौकी दढ़ियाल थाना टांडा रामपुर द्वारा चौकी दढ़ियाल थाना टांडा, रामपुर पर आकर सूचना दी कि मेरी धेवती साधना पुत्री सागर उम्र करीब 7 वर्ष लगभग करीब 6:30 बजे से घर से लापता हो गईं जिसको मैंने अपने परिवार के साथ काफी तलाश किया गया परन्तु नही मिली। एसपी अशोक कुमार शुक्ला द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी स्वार रवि खोखर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना टाण्डा, रामपुर लव सिरोही के निर्देशन में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरिओम, का0 नवीन चौधरी, का0 प्रवीण कुमार बालियान, का0 अनिल कुमार के अथक प्रयास से लापता बच्ची के बारे में चौकी क्षेत्र सहित आस-पास के थाना क्षेत्रों में दिखवाया गया। उक्त पुलिस टीम के अथम प्रयास से उक्त 07 वर्षीय बच्ची साधना को काशीपुर रोड माजा फार्म के पास से लगभग 01 घण्टे 10 मिनट में सकुशल बरामद कर उसके परिवारजनों के सुपुर्द किया गया। बच्ची के परिजनों एवं ग्राम वासियों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# बहुजन समाज पार्टी के जोन इंचार्ज राही ने की एक दिवसीय बैठक

अमर ख्याल



गोरखपुर । जनपद के चौरी चौरा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता बैठक नगर पंचायत मुंडेरा बाजार चौरी चौरा में किया गया, पार्टी के चेयरमैन पद के प्रत्याशी व सभासद पद के प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्यक्रम किया गया, जोन इंचार्ज ने कहा कि इस चुनाव को लेकर बसपा बहुत ही सक्रिय हो कर कार्य करेगी, जिसमें नगर पंचायत के हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए जिसमें मुख्य अतिथि माननीय घनश्याम राही जी जोन इंचार्ज गोरखपुर मंडल, अध्यक्षता ब्रह्मानंद पासवान, विशिष्ट अतिथि जयकार प्रसाद पूर्व सेक्टर प्रभारी गोरखपुर, शैलेंद्र कुमार भारती जिला सचिव गोरखपुर, सुनील कुमार भारती विधानसभा अध्यक्ष, उपस्थित विनोद कुमार, एडवोकेट सुमित कुमार, एडवोकेट चंद्रशेखर, एडवोकेट संजय राव, अश्वमेध सिंह, रामबदन राजभर सभासद पद के भावी प्रत्याशी जंग बहादुर विश्वकर्मा, पौरुष कुमार जयसवाल , धीरेंद्र कुमार गौतम, राजेश जायसवाल, अजय कुमार, राहुल पासवान, आदि बैठक में मुख्य रूप से बहन जी के नीति और सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में अब बीजेपी की सर

# पिकअप में लदे सात पशुओं की पुलिस ने बचाई जान

**अमर ख्याल। राहुल कुमार**



**रामपुर।** मिलक पुलिस ने पिकअप में लदे 7 पशुओं की जान बचा ली तथा कानूनी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत 2 के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पिकअप को सीज कर दिया। गुरुवार को मिलक सीओ अतुल कुमार पांडेय को मुखविर द्वारा पिकअप से पशुओं को ले जाने की सूचना प्राप्त हुयी।मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए सीओ ने मिलक पुलिस को सक्रिय कर दिया।वरिष्ठ उपनिरीक्षक रहीस अहमद अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से तैनात हो गए और पशुओं को ले जाने बाले पिकअप पर नजरे गढ़ा दीं।बरेली दिशा से आ रहे अशोका लीलैंड पिकअप की संदिग्धता को देखते हुए जब एसएसआई रहीस अहमद ने लोहा पट्टी गांव स्थित हाइवे पर पिकअप को रोकने का इशारा किया तो पिकअप चालक ने पिकअप को भगाकर कुछ दूरी पर एक बाग में खड़ा कर दिया।पुलिस द्वारा पीछा करने पर पाया कि पिकअप में ड्राइवर सीट पर बरेली जिला निवासी राकेश तथा दूसरी सीट पर बरेली निवासी अमान बैठा था।पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पिकअप की जांच पड़ताल की तो देखा कि पिकअप में 7 काले पशुओं को निर्दयी तरीके से भर रखा था।मौके पर पहुंचे सीओ अतुल कुमार पांडेय ने तत्काल सभी पशुओं को पिकअप से बाहर निकलवाया तथा तत्काल उनके पानी पीने व चारे की व्यवस्था करायी।कानूनी कार्यवाही के बाद पुलिस ने सभी 7 पशुओं को पिकअप सहित रठौण्डा चौकी भेज दिया।जहां से सभी पशुओं को क्षेत्र के स्थानीय लोगों को सुपर्द कर दिया।सीओ अतुल कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना पर मिलक पुलिस द्वारा एक पिकअप पकड़ा गया था जिसमे सात पशुओं को बरामद किया था।दो आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पिकअप को सीज कर दिया गया है।कोतवाल राजेश बैशला ने बताया कि सभी पशुओं को सुरक्षित तरीके से स्थानीय लोगों को सुपर्द किया गया है।हिरासत में लिए गए 2 आरोपियों खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर फिलहाल कच्ची जमानत पर छोड़ दिया गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

# जगतपुर थाने में कोतवाल गौरव कुमार को सम्मानित कर विदाई समारोह आयोजित हुआ

अमर ख्याल सोनी कुमारी



जगतपुर ( रायबरेली ) कोतवाल गौरव कुमार का प्रभारी साइबर सेल में स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को कोतवाली में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जगतपुर कोतवाली पुलिस टीम और मीडिया के लोगों ने कोतवाल गौरव कुमार को सम्मानित कर विदाई दी। कोतवाल गौरव कुमार पूरी लगन व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। लेकिन काम के प्रति ईमानदारी हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। लोगों को आज भी पुलिस और कानून पर भरोसा है। इसलिए मदद के लिए लोग हमारे पास आते हैं। पुलिस के जवानों ने कहा कि उनके साथ कार्य कर काफी अनुभव प्राप्त हुआ। काफी कम समय के कार्यकाल में कोतवाल गौरव कुमार ने सभी के दिलों में जगह बनाई। जगतपुर कोतवाल गौरव कुमार ने कहा कि उन्होंने इस कोतवाली में लगभग 5 माह सेवा दिया है। यहां पर उन्हें अपने कार्यकाल के समय पुलिस के आलाअधिकारियों, पुलिसकर्मियों, मीडिया कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला। यहां की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया। उसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। जगतपुर कोतवाली में नौकरी के समय बिताए गए, समय को मैं जीवन भर याद रखूंगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक शुभम यादव, यशवीर सिंह, कपिल, आयुष वत्स, सुरेंद्रनाथ त्रिवेदी, कांस्टेबल नरेंद्र, पवन यादव, सुरेश चंद्र, पिंटू यादव, दादा शिव आधार त्रिवेदी, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार, सुनील सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कुंदरकी सीएचसी प्रभारी डा० नरेंद्र कुमार ने आशा के साथ की मारपीट





**अमर ख्याल**

**मुरादाबाद ।** कुन्दरकी के सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने आशा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है आशा ने डॉक्टर नरेंद्र कुमार पर आरोप लगाया है डॉक्टर ने उन्हें थप्पड़ मारे हैं। जब इसकी जानकारी अन्य साथियों को लगी तो सभी आशा इकट्ठा होकर कुंदरकी थाने पहुँची और डॉक्टर नरेंद्र कुमार के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की।जब इस बारे में काम करने वाली सभीआशाओं से बात की तो उन लोगो का कहना है डॉक्टर नरेंद्र कुमार बहुत सभ्य अधिकारी है। आए दिन कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते रहते हैं कर्मचारियों को अपमानित करते हैं।उन्होने कहा कि अगर आशा के थप्पड़ मारने पर डॉक्टर नरेंद्र कुमार के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही हुई तो सभी आशा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय व जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी। इसी मौके पर आशा बाय नाम नीलम सोमवती रामवती कमर वती हेमवती आदि लोग आशाएं मौजूद रही

## विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों के सम्बंध में की गयी गोष्ठी



**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** शुक्रवार को उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद शलभ माथुर द्वारा पुलिस कार्यालय, कचहरी, रामपुर में राजपत्रित अधिकारियों, चुनाव सैल प्रभारी व सम्बन्धित थाना प्रभारियों के साथ विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों, अपराध नियंत्रण, कानून-शान्ति व्यवस्था, निरोधात्मक कार्यवाही व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अशोक कुमार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर डा0 संसार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शिक्षक ने की छात्र की बेरहमी से पिटाई



**अमर ख्याल**

**गोरखपुर ।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा चकदेइया में स्थित एक प्राईवेट स्कूल में पढ़ रहे एक 11 वर्ष के अनिल निषाद पुत्र रूप नारायन निषाद चकदेईया स्थित एक प्राईवेट स्कूल में कक्षा 6 बी का छात्र है। छात्र का कहना है कि स्कूल में दो छात्र आपस में विवाद कर रहे थे कि एक अन्य छात्र ने झूठ बोल कर प्रिंसिपल को बताया कि मेरे उकसाने पर वह दोनो छात्र झंगड़ा कर रहे हैं। इसी बात से नाराज होकर बिना पूछे ही छड़ी से मुझे बडी बेरहमी से पीटने लगे। मैं स्कूल में चिल्लाता रहा सर मैने कुछ नही लेकिन वह मुझे लगातार पीटते रहे। प्रिंसिपल ने छात्र अनिल निषाद का नाम काट कर बोले की अब कल से स्कूल मत आना। मै रोते हुए जब घर पहुंचा सारी बात अपनी मां को बताई।मां ने प्रिंसिपल की इस बर्बरता से नाराज होकर छात्र को लेकर मुकामी थाने पहुंच गई और प्रिंसिपल की करतूतों का लिखित शिकायत कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।

# राज्यमंत्री ने किया धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण

अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा ।उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा एक दिवसीय दौरे पर गोंडा पहुंचे। उन्होंने जनपद में संचालित करनैलगंज मंडी,नवीन गल्ला मंडी गोंडा में स्थापित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कृषको से हाइब्रिड धान क्रय करने से पूर्व हाइब्रिड धान के संबंध में कृषक का घोषणा पत्र तथा हाइब्रिड बीज खरीद प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लिए जाने का प्रावधान है। जिससे कृषकों को अपनी उपज सरकारी केंद्रों पर विक्रय करने में समस्या हो रही है ।इस संबंध में प्रमुख सचिव खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश शासन से दूरभाष पर वार्ता कर उपरोक्त स्थिति से अवगत कराया गया, जिस पर प्रमुख सचिव खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बताया गया कि यदि कृषक के पास हाइब्रिड बीज खरीद प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, तो उन्हें हाइब्रिड बीज खरीद का घोषणा पत्र प्राप्त कर धान क्रय कर लिया जाए किसी भी दशा में कृषकों को वापस ना किया जाए ।उन्होंने कहा कि छोटे व मध्यम किसानों से धान को धान खरीद में प्राथमिकता प्रदान किया जाना योजना का मुख्य उद्देश्य है अतः ऐसे किसान जिन की उपज 60 कुंतल वा उससे कम है ऐसे किसानों को धान खरीद में प्राथमिकता प्रदान करते हुए धान खरीद की जाए। निरीक्षण में पाया की धान खरीद की गति धीमी है तीव्र गति से धान क्रय करते हुए सासमय लक्ष्य पूर्ण किया जाए ।राज्यमंत्री ने निरीक्षण के बाद



खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की गयी,समीक्षा के दौरान राज्यमंत्री द्वारा धान क्रेन्द्र

प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्गत क्रय नीति के आधार पर कृषकों से नियमानुसार धान की खरीद सुनिश्चित की जाये एवं क्रय किये गये धान के सापेक्ष अनुमन्य धनराशि का भुगतान कृषकों के खातों में पीएफएमएस भुगतान प्रणाली के माध्यम से निर्धारित समयावधि 48 घण्टे के अन्तर्गत कराया जाये। जिले के समस्त अधिकारीगण अपने एजेन्सी के समस्त क्रय केन्द्रों पर अनुमन्य तौल कॉटों की क्षमता के सापेक्ष कृषकों का धान तौल करना सुनिश्चित करेंगे ।इसके अतिरिक्त मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु ऑनलाइन किये जा रहे आवेदनों का सत्यापन 24 घण्टे के अन्तर्गत सुनिश्चित कराया जाये एवं जिले के समस्त धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने, साफ-सफाई व स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। मंत्री ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक निबन्धक (सहकारिता) एवं जिला प्रबन्धक (पीसीएफ) गोण्डा को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जाये। कृषकों की समस्याओं का तत्काल निदान किया जाये।

किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये किसी भी दशा में उन्हें क्रय केन्द्र से वापस न किया जाये एवम् उदारता पूर्वक व्यवहार किया जाये ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहित अन्य अधिकारीगण /कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कॉलेजों में महिला सशक्तिकरण विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा ।उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा श्री ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी के आदेश के आलोक में श्री विश्व जीत सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा की अध्यक्षता में तथा राजकीय बलिका इण्टर कालेज की प्राधानाचार्या श्रीमती गीता त्रिपाठी की उपस्थिति में आज दिनांक-18.11.2022 को राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसरण में विधिक सेवा व सहायता गतिविधियों को जन जन तक पंहुचाने के उद्देश्य से जनपद गोण्डा के राजकीय बालिका इण्टर कालेज गोण्डा में महिलाओं के लिए समर्पित महिला सशक्तिकरण विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का शुभारम्भ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा द्वारा किया गया ।विधिक जागरूकता शिविर का संचालन रिसोर्स पर्सन श्री अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव तथा समाजसेवी सुश्री रूचि मोदी द्वारा किया गया ।शिविर में सचिव श्री विश्व जीत सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि समय= पर महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जात है। इसका उद्देश्य भारत के संविधान में महिलाओं के जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन रोकने के लिए मौलिक अधिकार दिया गया है। आज का युग ऐसा युग है, जिसमें महिलाओं को संविधान में कई अधिकार दिये गये हैं। आज महिलाएं इस विकासशील भारत में विकसित बनाने के लिए अपना योगदान देती हैं, परन्तु फिर भी उन्हें कई बार अलग-अलग रूपों में प्रताड़ित किया जाता है तथा उनके अधिकारों का हनन किया जाता है। महिला सशक्तीकरण पर जानकारी देते यह भी बताया गया कि वर्तमान में महिलाओं को कानूनी अधिकार प्राप्त है जैसे महिलाओं के कार्यस्थल पर छेड़-छाड़/यौन उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार, पुरूषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार, यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम सार्वजनिक न होने का अधिकार, पति अथवा रिश्तेदारों के खिलाफ घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व सम्बन्धी लाभ का





अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार, पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार व मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया तथा महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों की विधिवत जानकारी दी गयी। वर्तमान में न्याय सभी के लिए उपलब्ध है, न्याय पाने का सभी को समान अधिकार है। यदि कोई व्यक्ति अपना मामला न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहता है अथवा उसका कोई प्रकरण न्यायालय में लम्बित है तो उस व्यक्ति की गरीबी न्याय दिलाने में रूकावट नही होगी। वर्तमान समय में तहसील स्तरीय न्यायालय से उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय तक न्याय दिलाये जाने हेतु विधिक सेवा समितियां, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समितियां कार्य कर रही हैं। कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या जनजाति का सदस्य है, मानव दुर्व्यव्हार एवं बेगारी से पीड़ित है, स्त्री या बालक है, मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा असमर्थ है, जातीय हिंसा, अत्याचार, औद्योगिक कर्मकार आदि श्रेणी में आने वाले व्यक्ति हैं, तो निःशुल्क विधिक सहायता पाने के हकदार हैं।

इसके लिए आवेदन जिले में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को करना पडेगा। दूरस्थ ग्रामीण एवं दूरगामी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति आनलाइन के माध्यम से विधिक सेवाओं की जानकारी तथा निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं ।प्रभारी जिला बाल एवं महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना तथा बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्र मोहन वर्मा द्वारा महिलाओं के अधिकार विषय पर जानकारी देते हुए मिशन शक्ति पर प्रकाश डाला गया ।जनपद गोण्डा के महिला थाना की थानाध्यक्ष श्रीमती पूनम यादव, प्रभारी अधीक्षिका वन स्टाप सेन्टर गोण्डा रिचा तिवारी एवं राजकीय बालिका इ0का0 गोण्डा की प्रधानाचार्य श्रीमती गीता त्रिपाठी व नारी ज्ञानस्थली गोण्डा की छात्रा कु0 मोनिका श्रीवास्तव द्वारा महिला एवं बालिकाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण पर जानकारी देते हुए बेटी बचाओं-बेटी पढाओ एवं महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किया गया ।इस अवसर पर उपश्रमायुक्त प्रतिनिधि श्री अजीत पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी के जिला समन्वयक श्री अभिषेक यादव, तहसीलदार सदर श्री परशुराम वर्मा, पराविधिक स्वयं सेवक संजय कुमार दूबे, प्रभुनाथ, नान्हू प्रसाद यादव, कन्हैयालाल तिवारी, पाटेश्वरी प्रसाद, रामदेवी, अंजू सिंह, मो0इरफान, श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव सहित राजकीय विद्यालय की शिक्षिकाऐं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशा बहुऐं तथा छात्राऐं शिविर में उपस्थित रही। इस महिला विधिक जागरूकता शिविर में महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रतिभाग करते हुए सकिय्र सहभागिता प्रदान की गयी।

# प्रधान व पंचायत सचिव की मिली भगत से बाउंड्री वॉल में लगाई जा रही पीली ईट



अमर ख्याल/अरविंद अवस्थी

जनपद सीतापुर के विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत अरुवा के मजरा पिपरी अनंत सिंह के प्राथमिक विद्यालय का है जहां के भ्रष्ट प्रधान राजू गुप्ता और पंचायत सचिव की मिलीभगत से विद्यालय के बाउंड्री वॉल में पीले ईट का प्रयोग किया जा रहा हैऔर दीवाल में पांचझएक का मसाला लगाया जा रहा है। सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर आपस में बंदरबांट किया जा रहा है प्रधान राजू गुप्ता से इस मामले में बात की गई तो उन्होंने यह मानने से इंकार कर दिया लेकिन ज ब ा मीडियाकर्मियों ने बताया कि हमने देखा है। और हमारे पास सारे साक्ष्य मौजूद है। हो कहा कि हम आपसे मिल लेंगे। सब कहीं ऐसे ही ईटों का निर्माण किया जा रहा है प्रधान राजू गुप्ता व सचिव सरकारी पैसे को बचाकर ज्यादा से ज्यादा अपनी जेब भरने में अमादा रहते हैं और बीजेपी सरकार के उज्जवल भविष्य में भ्रष्टाचार का दाग लगा रहे हैं अब देखना यह है किस शासन और प्रशासन इन पर कोई कड़ी कार्रवाई करता है कि यह लोग ऐसे ही सरकारी पैसे का बंदरबांट करते रहेंगे।

# स्वर्गीय विनय कुमार सिंह बिन्नू भैया जी की मनाई गई छठवीं पुण्यतिथि

अमर ख्याल

गोरखपुर । चौरी चौरा क्रांतिकारी धरती पर स्वर्गीय विनय कुमार सिंह बिन्नू भैया जी की छठवीं पुण्यतिथि शहीद बंधू सिंह डिग्री कॉलेज करमहा सरदार नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, क्षेत्र से आए हुए समस्त कार्यकर्ता तथा सम्मानित गण स्वर्गीय विनय कुमार सिंह बिन्नू भैया की चित्र पर श्रद्धा सुमनअर्पित किया शहीद बंधु सिंह डिग्री कॉलेज पर श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे श्री प्रदुमन द्विवेदी जी सभा का संचालन कर रहे राजकुमार व्यास जी तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ईश्वरचंद जायसवाल जी विशिष्ट अतिथि श्री पारसनाथ पारसनाथ तिवारी जी तथा सभा को संबोधित कर रहे श्री धनंजय सिंह, अरुण कुमार सिंह, राकेश राय, सुरेंद्र सिंह, श्री शत्रुजीत तिवारी, कैप्टनअद्या दुबे, श्री पारसनाथ तिवारी, श्री ईश्वर चंद जयसवाल तथा सुभाष पासवान ने



बिन्नू भैया के विचारों को रखा तथा कहा कि बिन्नू भैया कार्यकताओं तथा आम जनमानस के हित के लिए सदैव संघर्ष किए तथा तथा बिन्नू भैया ने शहीद बंधु सिंह के नाम से डाक टिकट जारी करवाकर के शहीद बंधु सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किए राकेश राय जी ने कहा कि जिस दिन सभी कार्यकर्ताअजय कुमार सिंह टप्पू भैया को विधानसभा भेज देंगे वही बिन्नू भैया को सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होंगी श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शहीद बंधू सिंह के वंशज धनंजय सिंह, प्रशांत सिंह, प्रखर सिंह, सोनू सिंह, विशाल सिंह के अलावा क्षेत्र से आए सम्मानितअर्जुन प्रसाद उपाध्याय, अवध नारायण शुक्ला,राम सिंहासन शुक्ला, बल्लभ दुबे, प्रेम नारायण सिंह छेदी सिंह, रामवती सिंह, हाफिजी, विनोद जयसवाल, दीपक कुमार सिंह दीपू, झुनझुन बाबा, अनूप सिंह, राकेश वर्मा, दिनेश कुमार जयसवाल, संतलाल, राजेश जयसवाल, अमरनाथ जयसवाल,भोला पासवान,कैलाश राजभर, चंद्रभान गिरी, राम अवध पासवान, सनी जायसवाल, विनोद सिंह, जोखन राजभर, शिव हरि सिंह,राजू चंद सिंह,डॉ अखिलेश मिश्रा, राधेश्याम मौर्या पूर्व प्रधान, दाढ़ी बाबा,संजय जयसवाल, कमलेश दुबे, सर्वजीत सिंह,विजय दुबे, प्रदीप पासवान ग्राम सिहोरवा, अर्जुन भारती,मुराद आलम, दरोगा राजभर तथा सैकड़ों महिलाओं सहित विधानसभा चौरी चौरा से आए सम्मानित गण।

## चार उप निरीक्षक का हुआ था स्थानांतरण दो का हुआ निरस्त



अमर ख्याल संवाददाता

कटरा बाजार(गोण्डा) जनहित व प्रशासनिक हित में स्थानांतरित किए गए दो उप निरीक्षक का तबादला रद्द। चौकी प्रभारी पहाड़ापुर अभिषेक मिश्रा व चौकी प्रभारी पांडे बाजार नागेश्वर नाथ पटेल का स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। 11 नवंबर को पुलिस अधीक्षक ने कई आरक्षियों समेत चार उपनिरीक्षक का तबादला किया था। जिसमे उप निरीक्षक नीरज सिंह को चौकी बालपुर कोतवाली करनैलगंज से चौकी सालपुर कोतवाली देहात, उप निरीक्षक विनय कुमार पांडे को चौकी सालपुर कोतवाली देहात से चौकी बालपुर कोतवाली कर्नलगंज, उप निरीक्षक नागेश्वर नाथ पटेल को चौकी पांडे बाजार कोतवाली नगर से चौकी पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार व उप निरीक्षक अभिषेक मिश्रा को चौकी पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार से चौकी पांडे बाजार कोतवाली नगर स्थानांतरित किया गया था। स्थानांतरण के पांच दिन 16 नवंबर को पुलिस अधीक्षक ने पुनः गस्ती जारी कर चौकी प्रभारी पहाड़ापुर अभिषेक मिश्रा व चौकी प्रभारी पांडे बाजार नागेश्वर नाथ पटेल का स्थानांतरण निरस्त कर दिया है।

## राज्यमंत्री सतीश चंद्र मिश्रा ने धान क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण



अमर ख्याल संवाददाता

करनैलगंज(गोण्डा) उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा एक दिवसीय दौरे पर गोंडा जा रहे थे। रास्ते में करनैलगंज स्थित नवीन गल्ला मंडी में पहुंचकर उन्होंने धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को दोपहर बाद खाद एवं रसद नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा कर्नलगंज के नवीन गल्ला मंडी पहुंचे। जहां पर संचालित धान क्रय केंद्र का उन्होंने निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान मिली खामियां पर विपणन निरीक्षक/केंद्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल खामियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा किसानों को धान की बिक्री करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## आमने सामने बाइक टक्कर से दो लोग गंभीर रूप से घायल



अमर ख्याल संवाददाता

करनैलगंज (गोण्डा) आमने सामने दो बाइक की टक्कर में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुँचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकत्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना सरयू डिग्री कॉलेज मार्ग स्थित श्री भगवान हॉस्पिटल के पास की है। शुक्रवार थाना परसपुर परसपुर अंतर्गत ग्राम शाहपुर धनावा निवासी अनस 23 वर्ष धनावा में सब्जी की दुकान कर रहा है। वह दुकान के लिए सब्जी खरीदने करनैलगंज कि नवीन सब्जी मंडी आया था। जहां से वापस धनावा जा रहा था। अभी वह सरयू डिग्री कालेज स्थित श्री भगवान हॉस्पिटल के पास पहुंचा ही था। कि उसी बीच नगर कर्नलगंज के गढ़हा निवासी बड़कऊ सामने से बाइक लेकर पहुंच गए। जिससे दोनो आपस में टकरा कर सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुँचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सीआरओ की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सम्पन्न



अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा। मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डी समिति, श्रम विभाग, स्टांप, वाणिज्य कर विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, नवीन परती, खलिहान, अवैध कब्जा, परिवहन विभाग, आबकारी विभाग, भू-राजस्व, स्टाम्प देय, विद्युत विभाग, बांटमाप, आईजीआरएस आदि पर समीक्षा की गई। जिसमें कम वसूली किये जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं कि वसूली में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीआरओ ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लायें ।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, अपर उपजिलाधिकारी कुलदीप सिंह, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरटीओ विभाग, आबकारी, वाणिज्य कर विभाग, एसओसी, समस्त ईओ सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सूचना

**सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि रेखा देवी पत्नी रामफेर निवासी इटावा, पोस्ट इटावा, तहसील व थाना इटावा,जिला सिद्धार्थ नगर की मूल निवासी हैं। जिनका बैनामा दस्तावेज इटावा में फोटो कॉपी कराने के दौरान कही वास्तव में गुम हो गया है**

# सदियों बाद पछैहया लोहारों को याद आया आशियाना एसडीएम को पत्र देकर की घर की मांग

संवाददाता चमन अली

हमीरपुर- अपने आप को महाराणा प्रताप का वंशज कहने वाले और जमीन पर अपनी गाड़ी के नीचे जीवन यापन करने वाले पछैहया लोहारों को अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए आशियाना की याद आ गई है जिसके चलते लगभग दो दर्जन से अधिक पछैहया लोहारों ने एसडीएम को पत्र लिखकर घर बनाने के लिए जमीन की मांग की है। जिसके बाद एसडीएम ने लेखपालों से जमीन की तलाश करने की बात कही है। मौदहा कस्बे के बड़े चौराहे के आसपास लगभग पांच दशक से जमीन पर अपनी गाड़ी और झोपड़ी में अपना जीवन बिता रहे पछैहया लोहारों ने एसडीएम को पत्र लिखकर बताया कि वह लोग महाराणा प्रताप के साशन काल से ही खाना बदोश बनकर रह रहे हैं। जिससे उनकी स्थिति से ग्रामीण और शहरी समुदाय भलिभांति परिचित हैं। और हमारा मुख्य व्यवसाय कृषि और घरेलू लोहे के सामान बनाने पर निर्भर है। साथ ही बताया कि सरकार द्वारा घुमन्तु और निम्न जाति वर्ग के लिए जमीन के पटटे आवंटित किए जाते हैं लेकिन उनके समाज को आज तक कोई भूमि नहीं दी गई है। जिसके चलते उनके बच्चों का भविष्य संकट में होता जा रहा है।



और गर्मी तथा सर्दी और बरसात में उन्हें अपने परिवार के साथ नारकीय जीवन जीना पडता है। साथ ही उन्हें अपने बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों का भय सताता रहता है क्योंकि इसके पहले भी एक मासूम बच्ची का अपहरण और हत्या हो चुकी है। सभी लोगों ने एसडीएम से ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर उन्हें पट्टा देने की मांग की है। जिसपर एसडीएम सुरेंद्र कुमार ने लेखपाल को बुलाकर जमीन तलाशने की बात कही है। साथ ही बताया कि अगर यह लोग कांशीराम कालोनियों में जाना चाहते हैं तो उनके लिए आवास आवंटित कर दिए जाएंगे और अगर गहरौली में जाना चाहे तो पटटे करा दिए जाएं। लेकिन उक्त लोग कस्बे के चार पांच किलोमीटर की रेंज में ही जमीन देने की बात कर रहे हैं।

# दबंगों द्वारा किया गया गरीब की भूमि पर अवैध कब्जा

**संवाददाता मुकेश कुमार**

**सीतापुर ।** थाना थानगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौलोक कोडर के मजरा नगीना पुरवा का है बताते चलें सूर्यभान पुत्र स्वर्गीय सुमेर चौहान की भूमि पर विपक्षियों ने अवैध कब्जा कर लिया है विपक्षी उमेश पुत्र फौजदार नरेश पुत्र फौजदार मुन्ना पुत्र बिल्लर लोधी पुत्र बैजू निवासी ग्राम चहलारी तहसील बिसवां थाना रेउसा जिला सीतापुर का है आपको बताते चलें भूमि गाटा संख्या 62/65 से रकबा 0.9550 गाटा संख्या 62/650 रकबा 0.8090है जिसके जिसके एक बटा दो भाग सूर्यभान का है जिसमें उपरोक्त द्वारा सूर्यभान की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है



जो नितांत व सरासर गलत है क्योंकि विपक्षी इस समय धन बल से मजबूत होने के कारण सूर्यभान की कोई सुनने वाला नहीं है सूर्यभान थाने से लेकर तहसील बिसवां एसडीएम व जिलाधिकारी सीतापुर व कप्तान सीतापुर को व थाना थानगांव को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया लेकिन सूर्यभान का कहना है कि अभी तक किसी अधिकारी के द्वारा मुझेअभी तक न्याय नहीं मिला सूर्यभान के खिलाफ फर्जी आख्या लगाकर लेखपाल अपना पल्लू झाड़ लिया जब कि उच्च अधिकारियों के द्वारा जांच सौंपी जाती है तो विपक्षियों के धन बल होने के कारण सूर्यभान की बात ना मानते हुए फर्जी आख्या लगाकर रफा-दफा कर दिया जाता है आज जब सूर्यभान थक हार कर मीडिया के सामने अपने बयान दर्ज कराया देखते हैं खबर लिखे जाने तक अधिकारियों द्वारा कौन सी कार्यवाही होती है या यूं ही योगी सरकार में गरीब पिसते रहेंगे या अधिकारी मामले को संज्ञान में लेते हैं या नहीं। सबसे पहले लेखपाल के द्वारा जो जमीन दी गई तब बालू थी उसको आज तक मैं जोत रहा था अब मेरी जमीन में इस बार मिट्टी पट गई है तो लेखपाल हमारे खेत को दूसरी जगह फिर हटाना चाहता है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास

**अमर ख्याल अहमद रजा**

**बलरामपुर** में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को ज्यादा से ज्यादा सजा दिलाए जाने के अभियान के क्रम में थाना रेहरा बाजार पर पंजीकृत धारा- 302 भा0द0वि0 बनाम सरस्वती देवी पत्नी स्व0 उदयभान नि0 जनकपुर लोनियनडीह दा0 बैरियर सुरजनपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर पर पंजीकृत अभियोग में वादी हंसराज पुत्र जगदीश चौहान नि0 जनकपुर लोनियनडीह दा0 बैरियर सुरजनपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर के भाई उदयभान उम्र 48 वर्ष को धारदार हंथियार से मारकर हत्या के सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग कि विवेचना प्रभारी निरीक्षक राजितराम थाना रेहरा बाजार द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

# स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन ने मुख्य द्वार पर किया प्रदर्शन



अमर ख्याल

गोरखपुर । स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन कारखाना मण्डल गोरखपुर ने कारखाना के मुख्य द्वार पर निजीकरण, आउटसोर्सिंग,पदों का सरेंडर,रोस्टर प्वाइंट तथा एनपीएस को लेकर आमसभा की ।जोनल अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सत्ता में बैठे यूनियन के लोगों ने एनपीएस ,और निजीकरण पर भारत सरकार के सहमति दी , वो कैसे एनपीएस खत्म करवा सकते हैं वह सिर्फ भ्रमित करने का काम कर रहे हैं ।कारखाना मण्डल मंत्री प्रमोद कुमार गौतम ने कहा कि कारखाना में लगातार निजीकरण हो रहा है, जिससे आपके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है । हमारी यूनियन ने यह मांग रखी है कि जब तक यूनियन का चुनाव नहीं होता तब तक सत्ता यूनियन की सभी सुविधाएं खत्म की जाए ।इस पर श्रम मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड को जरूरी कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस आम सभा में उपस्थित साथी कैलाश विश्वकर्मा,विनय राही ,कपिल साहनी,सुनील धर दूबे, अशोक शर्मा, दूधनाथ, कर्ण कुमार,राम प्रवेश पासवान साधू, मिर्जा बेग,मिराज खान,वेद प्रकाश द्विवेदी,विजय कुमार गुप्ता, रमेश चौधरी,वृजभान गौड़, जितेन्द्र यादव आदि।

# क्षेत्राधिकारी नगर ने फ्रेशर कोर्स समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

अमर ख्याल संवाददाता

गोण्डा। जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में पुलिस आपातकालीन सेवा यूपी-112 परियोजना के अंतर्गत पुलिस लाइन गोण्डा में दिनांक 07.11.2022 से 18.11.2022 तक संचालित 10 दिवसीय फ्रेशर कोर्स में 29 प्रशिक्षु आरक्षी चालक पी0ए0सी0 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समापन पर आज दिनांक 18.11.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक 112 लखनऊ (मुख्यालय) द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों को क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकान्त गौतम ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का



परिचय, मानव मूल्य, संचार तथा बातचीत कौशल,की कार्यप्रणाली,घटना के प्रकार, डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली,आपदा प्रबंधन, अग्नि व महिला संबंधी आदि महत्वपूर्ण विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यू0पी0-112 प्रदीप कुमार सिंह, उ0नि0 अरूण कुमार पाटिल व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# श्रद्धा हत्याकांड को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

अमर ख्याल ब्यूरो

बलरामपुर दिल्ली में श्रद्धा हत्याकांड को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बलरामपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन बलरामपुर जिला प्रशासन अपर न्यायिक जिलाधिकारी ज्योति गौतम को सौंपा और हत्यारोपी आफताब अमीन पूनावाला को फांसी दिलाये जाने की मांग की है।अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रभारी कहा, श्रद्धा की निर्मम हत्या करने वाले आफताब अमीन पूनावाला को अविलम्ब फांसी की सजा दिलाई जाए।प्रकरण की एनआईए से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरोपी आफताब इंसान के रुप में दरिंदा है।जिसने श्रद्धा के 35 टुकड़े किए और आसपास के लोगों को इसकी जरा भी भनक नहीं लगी।



जगदम्बिका प्रसाद मिश्र ने कहा, देशभर में यह साजिश चल रही है। हिंदू बेटियों को लव जिहाद में फंसा कर हिंदू की आबादी कम करने का मास्टर प्लान चल रहा है।किसी भी मौलाना द्वारा ऐसा कोई बयान नहीं आता है जिससे इन जिहादियों पर कोई असर पढ़ सके या फिर फतवा जारी होता नहीं है। हिन्दू समाज दरिंदे आफताब की त्वरित फांसी की मांग करता है और एनआईए से जांच एवं समस्त देश में एक कठोर कानून की मांग की जिलाधिकारी कार्यलय में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदम्बिका प्रसाद मिश्र कृष्ण कुमार शुक्ला राम नरेश त्रिपाठी, सेतु बन्धु त्रिपाठी सेतु बाबा शिवांशु शुक्ला विजय प्रताप शुक्ला अविनाश शर्मा चंद्र प्रकाश पांडेय शिव राम सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 25वीं अंतर्जनपदीय प्रयागराज जोन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया सम्मानित



**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर** पुलिस लाइन चित्रकूट में आयोजित 25वीं अंतर्जनपदीय प्रयागराज जोन पुलिस अलार्म एफिशिएंसी रेस व शूटिंग प्रतियोगिता में जनपद हमीरपुर से प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल द्वारा सम्मानित किया गया व इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।प्रतियोगिता में 100 गज राइफल फायरिंग में हमीरपुर के आरक्षी असवेंद्र सिंह प्रथम स्थान 300 गज थ्रीपी राइफल फायरिंग में उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव प्रथम स्थान,300 मीटर बिग बोर पुरूष राइफल फायरिंग में आरक्षी आशीष सिंह प्रथम स्थान,बेस्ट फायर पुरुष प्रोन के विजेता हमीरपुर के आरक्षी आनंद सिंह रहे।30 वा 50 गज रिवाल्वर पिस्टल फायरिंग के विजेता हमीरपुर के उप निरीक्षक राजेश कुमार रहे। राइफल नई स्पर्धा चैंपियनशिप में जनपद हमीरपुर प्रथम स्थान पर रहा।

## एआरटीओ के साथ हुयी अभद्रता में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** मिलक/एआरटीओ के साथ हुयी अभद्रता में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया ।मुकदमा दर्ज के बाद वाहन स्वामियों में खलबली मच गयी ।आपको बता दें कि रामपुर जिले की 37 शहर विधानसभा के उपचुनाव लिए चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है ।वर्तमान में नामांकन प्रक्रिया जारी है तथा 5 दिसम्बर को मतदान होना है ।चुनाव एवं मतदान प्रक्रिया पूर्ण हेतु वाहनों की आवयश्कता है ।वाहनों के अधिग्रहण हेतु गुरुवार को रामपुर के एआरटीओ रंजीत सिंह टीम में साथ मिलक पहुंचे थे ।इस दौरान हाइवे किनारे पार्किंग में खड़े एक वाहन चालक से एआरटीओ ने वातार्लाप करनी चाही तो वाहन न देने को लेकर वाहन स्वामियों से तीखी नोकझोंक हो गयी थी ।मामले को तूल पकडते देख एआरटीओ ने पुलिस को बुलवा लिया था तथा हंगामा काट रहे वाहन चालकों को पुलिस के हवाले कर दिया था ।पुलिस ने सुनील गुप्ता निवासी मोहल्ला पटेल नगर मिलक का शांति भंग में चालान कर दिया था ।एआरटीओ रंजीत सिंह ने एसपी अशोक कुमार शुक्ला को तहरीर देकर सचिन सक्सेना के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी ।शुक्रवार को एसपी के निदेशार्नुसार सीओ मिलक ने सचिन सक्सेना के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हेतु कोतवाल मिलक राजेश बैशला को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे ।एआरटीओ की तहरीर के आधार पर मिलक पुलिस ने नगर निवासी सचिन सक्सेना के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया ।वहीं सचिन सक्सेना का आरोप है कि एआरटीओ द्वारा द्वेषपूर्ण भावना से उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जो कि अन्नायय है।

# थाना मौदहा,चिकासी,मझगवां व राठ मे आठ अभियुक्तों के विरुद्ध जिलाबदर की हुई कार्यवाही

**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर** पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही/प्रभावी पैरवी के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना कुरारा, मौदहा के आठ गुण्डा अपराधियों को जनपद हमीरपुर की सीमा से छः माह के लिये निष्कासित व जिलाबदर किया गया है।पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निम्न अपराधी अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा एवं छः माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी दे।जिला बदर किए गए अपराधियों मे बसंत कुमार पुत्र बलराम दुबे निवासी ग्राम अरतरा थाना मौदहा को 29 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। पुष्पेंद्र सिंह पुत्र रामपाल राजपूत निवासी ग्राम बेंदा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर को 29 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। सूरज सिंह पुत्र रविंद्र सिंह निवासी ग्राम मलहेटा थाना मझगवां को 29 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। सत्यभान सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम मलहेटा थाना मझगवां को 29 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। प्रदीप कुमार पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम टोला रावत थाना मझगवां को 29 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं राघवेंद्र राजपूत पुत्र बलवान निवासी ग्राम टोला रावत थाना मझगवां को 31 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है! अनिल राजपूत पुत्र रामपाल राजपूत निवासी ग्राम बिलरख थाना राठ को 31 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है! रोहित राजपूत पुत्र कटोरी ऑफ दद्दी निवासी ग्राम बिलरख जनपद हमीरपुर को दिनांक 31 अक्टूबर 2022 से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान के दसवें अवतार का किया गया वर्णन

**अमर ख्याल , मनोज त्रिपाठी**

**लालापुर ( प्रयागराज )** श्रीमद्भागवत कथा के पाँचवें दिन भगवान के दशावतारों का वर्णन किया गया, जिसमें मीन,कच्छप,वाराह, नरसिंह, वामन,राम,परशुराम, कृष्ण के अवतारों का विस्तार से वर्णन किया गया। जिसमें कृष्ण लीला का मधुर वात्सल्य लौकिक व पारलौकिक चरित्रों का यथार्थ चित्रण किया गया। कथा का रसपान करने हेतु उर्मिला,आशा,सविता, किरन,सुमन आदि महिलाएं व कामता मिश्रा,कन्हैया लाल मिश्र,नन्हे धाधोरा,सालिगराम दोगारी,राजमणि,कैलाश मिश्रा, मुन्नू पाठक,बब्बन सिंह ,श्यामबिहारी दुबे, अवधबिहारी दुबे,लालमणि, हरिविलास,चंद्रशेखर,राधेश्याम, रमेश, बुधनारायन दुबे,रामायण शुक्ल, श्रीश्याम पाठक, झल्लर सिंह, छुनई सिंह, शिवराज सिंह, भूनेशचन्द्र, बीडीसी पप्पू सिंह, जवाहिर सेन

# श्री श्याम सेवा मंडल के सेवादारों ने ली शपथ

अमर ख्याल सोनी कुमारी

महाराजगंज ( रायबरेली ) लालगंज में श्री श्याम सेवा मंडल लालगंज के सेवादारों द्वारा शुक्रवार को भादे मोड़ अथर्व साइबर कैफे में कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर खंड प्रचारक माननीय अनुपम जी भाई साहब उपस्थित रहे। सर्वप्रथम नगर प्रचारक अनुपम जी एवं संरक्षक पंडित सतीश जी द्वारा खाटू श्याम जी के फोटो पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन कर सेवादारों द्वारा बाबा श्याम की आरती संपन्न की गई। जिसके पश्चात अनुपम जी भाई



साहब का बौद्धिक हुआ जिसमें उन्होंने खाटू श्याम जी के शीश के दानी कहलाने की कथा बताते हुए बताया कि कैसे खाटू श्याम हारे के सहारे बने। मंडल के कार्यकारिणी गठन में पंडित सतीश जी को संरक्षक, कोषाध्यक्ष गोपाल जी, महामंत्री सूरज, शिवम, दिवाकर, बस प्रमुख राजन, गौरव, मीडिया प्रभारी अंश गुप्ता, अंकित, मंत्री आशीष, समग्र खंडगांव प्रमुख धर्मेंद्र, प्रचार प्रमुख बउवन आर्यन, राज, प्रसाद प्रमुख अभिनव, जलपान प्रमुख कुनाल, शिवांशु, करन को नियुक्त किया गया।

# मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक में संपन्न

## अधिक से अधिक बच्चों को दे योजना का लाभ-जिलाधिकारी

अमर ख्याल अहमद रजा

बलरामपुर में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत गठित जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बाल श्रम एवं बाल बृति से मुक्त कराए गए बच्चों के माता-पिता को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किए जाने तथा बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराए जाने का निर्देश दिया ।जिलाधिकारी ने कहा कि बाल सेवा योजना ऐसे बच्चों के लिए चलाई जा रही है,जिन्होंने अपने माता-पिता अथवा माता या पिता को खो दिया है, उनके लीगल अभिभावक को बच्चों के पालन पोषण के लिए 2500 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता



प्रदान की जाती है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को अधिक से अधिक बच्चों का चिंहांकन करते हुए बाल सेवा योजना का लाभ प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। इससे अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, एआरटीओ अरविंद यादव, सहायक श्रम आयुक्त कुलदीप सिंह, विधि अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रदीप कुमार गुप्ता, व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## एम्बुलेंस में कराया महिला का सुरक्षित प्रसव



अमर ख्याल संवाददाता गोंडा। सरकार द्वारा चलाई जा रही 108 एंबुलेंस निरंतर अपनी सेवा से आपातकालीन सेवा एवं गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को बचाता आ रहा है। इसी क्रम मे जनपद गोंडा ब्लॉक मुजेहना अन्तर्गत ग्राम कंसडा रुद्र गढ़ 20वर्षीय राजकुमारी पत्नी परमजीत को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई।जिसपर एम्बुलेंस हेतु 108 पर कंट्रोल रूम फोन किया गया। वहीं कुछ मिनटों वढ32एत्र4527 मुजेहना लोकेशन की एम्बुलेंस उनके घर पहुंची और प्रसूता को लेकर जैसे ही अस्पताल के लिए निकली कुछ ही दूरी पर महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी।जिसपर 108 एम्बुलेंस के एमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन विपिन कुमार व पायलट आकाश कुमार सोनकर द्वारा एम्बुलेंस सड़क के किनारे खड़ा करके आशा साधना पांडे के सहयोग से प्रसूता का सुरक्षित प्रसव करवाया गया। जिसके उपरांत इनको नजदीकी जिला महिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक ने जच्चा बच्चा दोनों को स्वस्थ बताया। तदुपरांत एम्बुलेंस ई.एम.टी . अरुन कुमार ने इसकी सूचना 108/102 एम्बुलेंस के जिला प्रभारी श्याम सुंदर यादव एवम्‌ प्रोग्राम मैनेजर संजय कुमार पांडे सर को दी गई।

## कण्व ऋषि आश्रम सहित सरकारी भूमि कब्जाने वालों पर होगी कार्रवाई

■ बिजनौर

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिए कि कण्व श्रृषि आश्रम सहित सरकारी भूमि पर कहीं भी अवैध रूप से कब्जा किया जाना प्रकाश में आए तो तत्काल भूमि को कब्जामुक्त करा कर कब्जाधारक के विरूद्व कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने तहसीलदार सदर को कर्णव आश्रम पर अवैध कब्जा पाए जाने पर खडी फसलों का मूल्यांकन करा कर उसे नीलाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए जुताई करने वाले टेऊक्टर जब्त कर दोषी के विरूद्व कड़ी कार्यवाही अमल में लाएं और किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मिश्रा आज पूर्वान्ह 11:00 बजे पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के साथ कण्व श्रृषि आश्रम पर अवैध कब्जा की स्वयं जांच करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्हें कण्व श्रृषि आश्रम पर अवैध कब्जा की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसक गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पुलिस अधीक्षक के साथ मौके पर पहुंच कर वहां मौजूद राजस्व टीम के साथ जांच की। जांच के दौरान बंधा के किनारे भूमि जुती हुई पाई गई। उन्होंने मौके पर ही तहसीलदार एवं सीओ पुलिस को निर्देश दिए कि कब्जाधारकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाएं और यदि सरकारी भूमि पर कहीं भी गन्ना आदि फसल खड़ी हुई पाई जाए तो उसका मूल्यांकन करा कर उसे नीलाम करने की कार्यवाही करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सराकरी भूमि पर किसी भी स्तर पर अवैध कब्जा बर्दाशत नहीं किया जाएगा और कब्जाधारकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कण्व ऋषि आश्रम प्राकृतिक और औषधीय खेती के लिए उत्तम स्थान

■ बिजनौर

कण्व ऋषि आश्रम स्थित कण्व ऋषि प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कण्व ऋषि आश्रम स्थल को प्राकृतिक खेती परीक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा तथा यहां पर एक गौशाला का निर्माण भी किया जाएगा। कि प्राकृतिक खेती को किस प्रकार विकसित किया जाए उसकी संभावनाओं को तलाश करते हुए इस स्थान को प्राकृतिक खेती केंद्र के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कण्व आश्रम के पास से गुजरने वाली मालन नदी के दोनों किनारों को ऊंचा कर उन पर वृक्षारोपण विशेष रूप से बांस के पौधे रोपित किए जाएंगे। यहां पर एक अमृत सरोवर तालाब भी निर्मित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह स्थल प्राकृतिक खेती के लिए बहुत ही उपयुक्त और अनुकूल है तथा इसी के साथ यहां पर औषधीय पौधों के लिए भी अनुकूल वातावरण पाया जाता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दें और यदि कहीं पर सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो तत्काल उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराकर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाएं। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, पुलिस उपाधीक्षक तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## पूर्व सैनिक नया सवेरा-नशा मुक्ति अभियान में ध्वजवाहक बने

■ बिजनौर

सैनिक बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सैनिक हमेशा अनुशासित रहता है और सैनिक सदैव सैनिक ही रहता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक नया सवेरा-नशा मुक्ति अभियान व पयर्टन आदि कार्यो में सहयोग करें। विभिन्न पूर्व सैनिक संगठनों के स्थान पर एक ही पूर्व सैनिक संगठन होना चाहिए जिससे आपकी आवाज और प्रबल हो। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों उनके परिवारों व वीर नारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद मुख्यालय के इंदिरा पार्क में शहीद स्थल बने इसके लिए प्रयास किए जाएगें। उन्होंने कहा कि पैजनिया, बास्टा के शहीद स्थलों का सौंदर्यकरण कराया जाएगा। उन्होंने सैनिकों की मांग पर कहा कि हर तहसील में शहीद स्थल हों इसके लिए प्रयास किए जाएगें। उन्होंने कहा कि एक सैनिक सबके लिए सोचता है। उन्होंने कहा कि आप लोग वंदनीय है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों से नया सवेरा-नशा मुक्ति अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कोई भी राष्ट्र कितना भी शक्तिशाली हो अगर उसका युवा नशे की लत में पड जाये तो वह देश आगे कैसे बढ पायेगा। उन्होंने कहा कि बिजनौर की भूमि भरत, दुष्यन्त, ऋषि कण्व व महात्मा विदुर की भूमि है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक ईको पर्यटन को बढावा देने में भी सहयोग करें। उिन्होंने बताया कि जलाधिकारी ने बिजनौर की भूमि गंगा व मालिनी नदी के तट पर स्थित नर व नारायण की ऐसी भूमि है जहां मनुष्य व देवता एक साथ वास करते है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक नशा मुक्ति अभियान, पर्यटन, खेती आदि कार्यक्रमों के ध्वजवाहक बने। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिक कर्मठ, निष्ठावान व देश के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर करने वाले है। उन्होंने कहा कि वह अपने अनुभव के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करें।

# राष्ट्रवाद बनाम राष्ट्रविरोध, सुरक्षा बनाम आतंकवाद और विकास बनाम विनाश की लड़ाईः सीएम योगी

### गुजराती बोल भावनाओं से जुड़े, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद

■ मोरबी/भरुच/सूरत



हिमाचल विधानसभा चुनाव के बाद गुजरात में चुनावी दुंदुभी बज चुकी है। सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने 182 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। यहां 1 और 5 दिसंबर को मतदान होने हैं। भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों को गुजरात में भेजना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुजरात के चुनावी रण में उतरे। पहले दिन उन्होंने मोरबी, भरुच व सूरत में जनसभा की। मोरबी की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। आम जनमानस की भावनाओं से खुद को जोड़ते हुए सीएम ने यहां फिर से कमल खिलाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के गृह राज्य में लोगों ने योगी आदित्यनाथ का जमकर इस्तकबाल किया। कांग्रेस यहां भी योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रही। उन्होंने विपक्ष की नाकामियों को उजागर कर कार्यों की बदौलत भाजपा के लिए फिर से जनसमर्थन मांगा। लोगों ने भी हाथ उठाकर यहां फिर से कमल खिलाने का वायदा किया। मोरबी के वांकानेर में गुजराती बोलकर योगी आदित्यनाथ ने लोगों का अभिवादन किया। उनकी यह शैली सभी के दिल में उतर गई। यहां से भाजपा उम्मीदवार जीतू भाई सोमानी और मोरबी से प्रत्याशी कांति भाई के पक्ष में मतदान की अपील की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह लड़ाई राष्ट्रवाद बनाम राष्ट्रविरोध, विकास बनाम विनाश, सुरक्षा बनाम आतंकवाद, देश के सम्मान व विरोध करने वालों के बीच की है। गुजरात से अधिक इसे कौन समझ सकता है। देश के विकास व सुरक्षा के लिए भाजपा आवश्यक है। सीएम ने कहा कि मोरबी की घटना में पूरा देश यहां की जनता के साथ खड़ा हुआ। पीएम मोदी ने मार्गदर्शन दिया। रात-दिन काम हुआ। कांति भाई जैसे कार्यकर्ताओं ने जान जोखिम में डालकर आमजन की जान बचाने का काफी प्रयास किया। 1979 में हुए दुर्घटना, साइक्लोन या भूकंप के समय भी मोरबी के सामने भी चुनौतियां आई। इनका सामना करते हुए मोरबी को देश-दुनिया ने बढ़ते देखा। आपकी जीवंतता का अभिवादन व अभिनंदन। सीएम ने कहा कि कल कांग्रेस के मंच पर राष्ट्रगान के दौरान फिल्मी गीत बजने लग गया। यह उनकी राष्ट्रभक्ति है। वे राष्ट्रगान का भी सम्मान नहीं कर सकते। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कहा था कि कांग्रेस को विसर्जित कर देना चाहिए। अब उस संकल्प को पूरा करने का समय आ गया। सीएम ने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि पीएम मोदी का नेतृत्व देश को मिल रहा है। 3 दिन पहले इंडोनेशिया के बाली में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को अगले वर्ष तक सबसे शक्तिशाली 20 देशों का नेतृत्व करने का अवसर मिला। इन देशों का 80 प्रतिशत संसाधन पर अधिकार है। उन्होंने कहा कि गुजरात मॉडल की चर्चा देश व दुनिया में होती है। यह बतौर सीएम मोदी के कार्यकाल में हुए नवाचारों का उदाहरण है। लोककल्याण, सुरक्षा, विकास, शांति-सौहार्द, गरीब कल्याण, इज ऑफ लिविंग के मॉडल मोदी ने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान पूरे गुजरात व देशवासियों को दिया। इसे आज देश-दुनिया उदाहरण के रूप में ले रही है। गुजरात मॉडल ने कोरोना के दौरान भारत के 135 करोड़ लोगों को नया जीवन दिया। पीएम मोदी ने फ्री में टेस्ट, उपचार, वैक्सीन और 80 करोड़ जरूरतमंदों को फ्री में राशन की सुविधा दी। गरीब कल्याणकारी योजनाओं व अर्थव्यवस्था के लिए भारत रोल मॉडल रहता है। सीएम ने कहा कि गुजरातों के सपूतों ने आजादी की लड़ाई में बढ़चढ़कर भाग लिया। महात्मा गांधी आजादी के आंदोलन से जुड़े योद्धाओं को प्रेरणा देते हैं। जो देश आज भी आजादी के लिए कराह रहे हैं। उन देशों को राष्ट्रपिता का सत्य व अहिंसा का आंदोलन प्रेरणा व ऊर्जा देता है। अंग्रेजों ने कहा था भारत को स्वतंत्र नहीं होने देंगे, यदि भारत स्वतंत्र हुआ भी तो इसके इतने टुकड़े कर देंगे कि यह कभी खड़ा नहीं हो पाएगा।

## तमिलनाडु के तीर्थयात्रियों को भाने लगी है काशी की बदलती तस्वीर

■ वाराणसी



हमारे प्रदेश को भी योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री चाहिए जो धार्मिक विकास के साथ प्रदेश का चौतरफा विकास कर सके। ये कथन तमिलनाडु से काशी आए अधिकांश श्रद्धालुओं के हैं। वाराणसी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम् का उद्घाटन करने वाले हैं, उससे पहले ही यहां तमिल श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला तेज हो गया है। कई बार बनारस आ चुके तीर्थयात्री इस बात को भी स्पष्ट रूप से स्वीकार कर रहे हैं कि पहले की काशी और आज की नई काशी में काफी बदलाव आ चुका है। सदियों से काशी में बड़ी संख्या में तमिलनाडु के श्रद्धालु आते रहे हैं। मगर अब उन्हें काशी की बदलती तस्वीर भाने लगी है। वे अब योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री अपने प्रदेश में भी चाहने लगे हैं। काशी तमिल संगमम् में शामिल होने तमिलनाडु से आई अन्नपूर्णीनी ने बताया कि शिव जी की नगरी काशी की आध्यात्मिकता और धार्मिकता के चलते हम लोग हजारों किलोमीटर दूर से काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा काशी साफ़ सुथरी हो गई है। आप (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी को बहुत अच्छा बना दिया है। अन्नपूर्णीनी ने कहा हम लोग काशी विश्वनाथ से प्रार्थना किए हैं कि जैसा मुख्यमंत्री आप लोगों को मिला है वैसा ही तमिलनाडु को मिलना चाहिए। काशी में रहने वाले तमिलनाडु के चंद्रशेखर द्रविण ने बताया कि जब से मोदी वाराणसी के सांसद और योगी उत्तर प्रदेश के सीएम हुए हैं, नई काशी की ख्याति पूरे विश्व में फ़ैलने लगी है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और योगी जी के नेतृत्व में काशी का चौतरफा विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके यहां तमिलनाडु से बनारस आने वाले श्रद्धालु काशी को काफी सराहते हैं। कहते है कि योगी जैसा मुख्यमंत्री मिलना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है, जो धर्म के संरक्षण के साथ ही विकास के काम भी बेहतरीन ढंग से अंजाम दे रहे हैं। सिर्फ काशी ही नहीं पूरे प्रदेश की छवि उन्होंने बदल के रख दी है। उन्होंने पहले दक्षिण भारत में यूपी गुंडों-बदमाशों के लिए बदनाम था, मगर आज यूपी के विकास की चर्चा हो रही है, राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, कुंभ मेला, दीपोत्सव और देव दीपावली की चर्चा होती है। दक्षिण के प्रदेशों में भी ऐसा विकास हो इसके लिए आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के लोग चाहते हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री उनके प्रदेश में भी हो पांच पीढ़ी से काशी में रह रहे और श्री काशी विश्वनाथ न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने बताया कि तमिलनाडु से आने वाले लगभग सभी श्रद्धालु उनके मंदिर में आते हैं और काशी समेत उत्तर प्रदेश के विकास से काफी प्रभावित होते हैं। तमिलनाडु से आने वाले लोग कहते है उनको भी योगी जी जैसा मुख्यमंत्री चाहिए। तमिलनाडु के ही कृष्ण कुमार ने बताया व 10 साल बाद काशी आ रहे हैं। मोदी-योगी का विकास देखकर खुशी हुई है। गंगा पहले से काफी साफ़ सुथरी हुई हैं। घाट भी खूबसूरत हो गये हैं। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम् से हमारे आपसी संबंधों में नयी ताजगी आएगी, जिससे और ज्यादा पर्यटक काशी आएंगे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एम्पीथियेटर में एक महीने तक चलने वाले 'काशी तमिल संगमम' में तमिलनाडु से करीब 2500 लोग शामिल होंगे। बता दें कि धर्म और अध्यात्म की राजधानी काशी आज देशभर में विकास के मॉडल के रूप में पहचानी जा रही है। यहां गंगा घाट, विश्वनाथ धाम से लेकर सड़क तक हर जगह विकास साफ दिख रहा है। तमिलनाडु के यात्री बनारस में आयोजित काशी तमिल संगमम् की सराहना कर रहे हैं। कि मोदी-योगी देशभर की जनता के दिलों में उतर रहे हैं।

## *दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा*

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपने आपको किसी से कम न समझें। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ लेकर अपना आर्थिक व सामाजिक उत्थान करें। सरकार द्वारा विभिन्न दिव्यांगजन हितार्थ योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने 150 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण की। नेहरू स्टेडियम बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर-प्रदेश द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण कैम्प किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि मंत्री नरेन्द्र कश्यप के कर कमलों से 150 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण की गयी। उन्होंने बताया कि मंत्री द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ शासकीय कार्यों का विस्तार से विवरण दिया गया तथा यह बताया गया कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण का वितरण, उनकी शिक्षा, उनका पोषण एवं स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता में से है और यह भी बताया कि शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए एक उल्लेखनीय संस्थान है जिससे कि अब तक हजारों दिव्यांजनों को शिक्षा का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिले।

## सीमावर्ती इलाकों में सुविधाओं के विकास व सुरक्षा के लिए दिए निर्देश

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े राज्यों व नेपाल सीमा से जुड़े प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं यथा सड़क, बिजली, पानी, सुरक्षा, संचार आदि के विकास एवं सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रभावी प्रयास किये जाने के निर्देश दिये है।

उन्होंने कहा है कि इस कार्य के लिये किसी भी प्रकार से धन की कमी आड़े नहीं आयेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद की अध्यक्षता में आज लोक भवन स्थित कमाण्ड सेण्टर में बार्डर मैनेजमेन्ट के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों से राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास एवं अवस्थापना सुविधाओं को उपलब्ध कराने में अब तक की गई कार्रवाही की समीक्षा की गई एवं इस दिशा में भविष्य की योजनाओं के संबंध में 10 दिवस के अंदर शासन द्वारा आख्या मांगी गई है। शासन द्वारा इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि जहां कही भी किसी प्रकार की कमी नजर आये उसपर त्वरित कार्रवाही करने हेतु प्राथमिकता दी जाय। प्रमुख सचिव, गृह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इन सीमावर्ती इलाको का सुनियोजित विकास व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ़ बनाये जाने हेतु इन क्षेत्रों में नये, प्रतिभावान, ऊर्जावान व सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले अधिकारियों की तैनाती को प्राथमिकता दी जाय ताकि यह अधिकारी क्षेत्र की संवेदनशीलता को और बेहतर ढंग से समझकर अपना सार्थक योगदान दे सके। संजय प्रसाद ने कहा कि हमारा सबका प्रयास होना चाहिए।

## मिशन ओलंपिक गेम्स के लिए योगी सरकार ने झोंकी ताकत

■ लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश के गांव गांव से प्रतिभावान खिलाड़ियों को ढूंढ निकालने और उन्हें ओलम्पिक गेम्स के लिए तैयार करने के मिशन में जुट गयी है। सरकार जल्द यूपी की नई खेल नीति 2022 लेकर आ रही है। योगी कैबिनेट ने हाल के दिनों में एक के बाद एक विभिन्न सेक्टर्स में ऊर्जा भरने के लिए नई नीतियों को पास किया है। प्रदेश की नई खेल नीति भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार प्रतिभावान खिलाड़ियों को वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग और सपोर्ट देने के लिए यूपी खेल विकास कोष का भी निर्माण करेगी, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये के शुरुआती बजट का प्लान तैयार है। अपर मुख्य सचिव खेल, डॉ नवनीत सहगल के अनुसार नई खेल नीति 2022 से ओलम्पिक गेम्स में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक पदक जीतने की संभावना बढ़ेगी। सुदूर ग्रामीण अंचलों से खेल प्रतिभाओं को चिह्नित कर उन्हें प्रशिक्षण के साथ खेल से संबंधित सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। स्थानीय स्तर पर बहुत से प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही यूपी में स्पोर्ट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा तथा प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान भी खोला जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया प्रस्तावित खेल नीति को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार कराया गया है। इसके तहत प्रदेश के हर गांव में खेल का मैदान स्थापित कराया जाएगा।

टैग *प्रदेश के अलग-अलग जिलों के प्रमुख खाद्य उत्पादों को जीआई टैग दिलाएगी योगी सरकार*

## मथुरा का पेड़ा, आगरा का पेठा व कानपुर के सत्तू-बुकनू को भी मिलेगा जीआई टैग

■ लखनऊ



एक जिला, एक उत्पाद जैसी महत्वाकांक्षी योजना को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अब अलग-अलग जिलों के खास खाद्य उत्पादों को भी अलग पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत है। मथुरा का पेड़ा हो, आगरा का पेठा, फतेहपुर सीकरी की नमक खटाई, अलीगढ़ की चमचम मिठाई या फिर कानपुर का सत्तू और बुकनू, इन सभी खाद्य उत्पादों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जीआई टैग दिलाने के लिए आवेदन किया जा रहा है। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग इस दिशा में प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के चौसा आम, वाराणसी, जौनपुर और बलिया के बनारसी पान (पत्ता), जौनपुर की इमरती जैसे कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पादों का आवेदन पहले ही किया जा चुका है, जिनकी पंजीयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उत्तर प्रदेश के कुल 36 उत्पाद ऐसे हैं, जिन्हें जीआई टैग मिल चुका है। इसमें 6 उत्पाद कृषि से जुड़े हैं। वहीं, भारत के कुल 420 उत्पाद जीआई टैग के तहत पंजीकृत हैं, जिसमें से 128 उत्पाद कृषि से संबंधित हैं। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग की ओर से मुख्य सचिव डीएस मिश्रा के समक्ष 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधि' विषय पर हुए भौगोलिक उपदर्शन वेबिनार में प्रदेश के कृषि उत्पादों को लेकर संभावनाओं पर प्रस्तुतिकरण हुआ। अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने जीआई टैग वाले कृषि उत्पादों के लाभ एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। अभी उत्तर प्रदेश के जो 6 उत्पाद जीआई टैग में पंजीकृत हैं, उनमें इलाहाबादी सुर्खा अमरूद, मलिहाबादी दशहरी आम, गोरखपुर-बस्ती एवं देवीपाटन मंडल का काला नमक चावल, पश्चिमी यूपी का बासमती, बागपत का रतौल आम और महोबा का देसावरी पान शामिल है। ऐसे करीब 15 कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पाद हैं, जिनके जीआई टैगिंग हेतु पंजीयन की प्रक्रिया लंबित है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, प्रतापगढ़ आंवला, बनारस लाल पेड़ा, बनारस लाल भरवा मिर्च, यूपी का गौरजीत आम, चिरईगांव करौंदा आफ वाराणसी, पश्चिम यूपी का चौसा आम, पूर्वांचल का आदम चीनी चावल, बनारसी पान (पत्ता), बनारस ठंडई, जौनपुर इमरती, मुजफ्फरनगर गुड़, बनारस तिरंगी बरफी और रामनगर भांटा शामिल है। वहीं, जीआई टैगिंग के लिए जिन संभावित कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पादों का जिक्र किया गया है, उनमें मलवां का पेड़ा, मथुरा का पेड़ा, फतेहपुर सीकरी की नमक खटाई, आगरा का पेठा, इग्लास अलीगढ़ की चमचम मिठाई, कानपुर नगर का सत्तू और बुकनू, प्रतापगढ़ी मुरब्बा, मैगलगंज का रसगुल्ला, संडीला के लड्डू व बलरामपुर के तिन्नी चावल प्रमुख हैं। इसके अलावा गोरखपुर का पनियाला फल, देशी मूंगफली, गुड़-शक्कर, हाथरस का गुलाब और गुलाब के उत्पाद, बिठूर का जामुन, फर्रूखाबाद का हाथी सिंगार (सब्जी), चुनार का जीरा-32 चावल, बाराबंकी का यकूटी आम, अंबेडकरनगर का हरा मिर्चा, गोंडा का मक्का, सोनभद्र का सॉवा कोदों, बुलंदशहर का खटरिया गेहूं, जौनपुरी मक्का, कानपुरी लाल ज्वार, बुंदेलखंड का देशी अरहर भी शामिल है। इस लिस्ट में लखनऊ की रेवड़ी, सफेदा आम, सीतापुर की मूंगफली, बलिया का साथी चावल (बोरो लाल व बोरो काला), सहारनपुर का देशी तिल, जौनपुरी मूली और खुर्जा की खुरचन जैसे उत्पाद भी हैं। सरकार के प्रयासों से जल्द ही इन उत्पादों जीआई टैग नामांकन का आवेदन किया जाएगा। जीआई टैग किसी क्षेत्र में पाए जाने वाले कृषि उत्पाद को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। जीआई टैग द्वारा कृषि उत्पादों के अनाधिकृत प्रयोग पर अंकुश लगाया जा सकता है। यह किसी भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादित होने वाले कृषि उत्पादों का महत्व बढ़ा देता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है, साथ ही स्थानीय आमदनी भी बढ़ती है तथा विशिष्ट कृषि उत्पादों को पहचान कर उनका भारत के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निर्यात और प्रचार प्रसार करने में आसानी होती है।

## रामपुर उपचुनावः लोकसभा में हराया था, अब विस की बारी

■ लखनऊ

रामपुर लोकसभा उपचुनाव में सपा को पटखनी देने के बाद भाजपा विधानसभा उपचुनाव में भी कमल खिलाने को आतुर है। पार्टी योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रामपुर में हुए विकास कार्यों को लेकर मैदान में है। इन्हीं विकास कार्यों की बदौलत भाजपा ने यहां लोकसभा उपचुनाव में 42,048 वोटों से जीत दर्ज की थी। विधानसभा में इससे अधिक अंतर से जीतने के लिए पार्टी कमर कस चुकी है। भाजपा यह मान चुकी है कि लोकसभा में सपा को हराने के बाद योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विधानसभा में भी वहां समाजवादी पार्टी को हराएंगे। रामपुर में राजनीतिक दलों ने उम्मीदवारों के भी नाम तय कर दिए। चूंकि बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस उपचुनाव नहीं लड़ रही है, इसलिए सीधा मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार आकाश सक्सेना एवं सपा के आसिम रजा के बीच ही है। जून में रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी रजा ही सपा के प्रत्याशी थे। इस चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी ने आसिम रजा को 42,048 वोटों से पराजित कर सपा से यह सीट छीन ली थी। एक तरह से आजम खान के गढ़ रामपुर को भाजपा पहले ही दरका चुकी है। इस चुनाव में वह उसे ढहाने की मुकम्मल तैयारी में है। भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना और आजम खान एक दूसरे के धुर विरोधी हैं।

एक नजर

## जयसूर्या, अकरम लंका प्रीमियर लीग के ब्रांड दूत बने

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सनत जयसूर्या और वसीम अकरम को छह से 23 दिसंबर तक चलने वाली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के तीसरे चरण के लिए ब्रांड दूत बनाया गया है। सर्वकालिक विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार जयसूर्या ने श्रीलंका के लिए 20,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन और 440 विकेट झटके हैं जबकि अकरम ने पाकिस्तान के लिए अपने शानदार करियर में कुल 916 विकेट चटकाए हैं। जयसूर्या ने विज्ञप्ति में कहा, मैं एलपीएल के तीसरे चरण में ब्रांड दूत बनकर काफी खुश हूं। यह टूर्नामेंट घरेलू क्रिकेट कैलेंडर में जुड़ना शानदार है और इससे श्रीलंका में कुछ बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा, इससे हमें बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभा खोजने और उन्हें तराशने के लिए आदर्श मंच मिला है जैसे हमने इस साल के शुरू के दौरान एशिया कप में देखा। एलपीएल श्रीलंका को अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम तैयार करने में मदद कर रहा है। वहीं 1992 वनडे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे अकरम ने कहा कि वह टूर्नामेंट का ब्रांड दूत बनकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, इससे श्रीलंका में कुछ अच्छे खिलाड़ी देखने को मिल रहे हैं और इस साल हमने एशिया कप में इसका सबूत भी देखा जिसमें टीम ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के आगामी चरण में कुछ स्टार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी खेलेंगे जिसमें एविन लुईस, कार्लोस ब्रैथवेट, जानेमन मलान, ड्वेन प्रिटोरियस, डार्सी शॉर्ट और शोएब मलिक शामिल हैं।

## उर्वशी और सरजूबाला कोलंबो में पेशेवर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** दिग्गज मुक्केबाज सरजूबाला देवी और उर्वशी सिंह 26 नवंबर को कोलंबो में होने वाले पेशेवर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उर्वशी 10 दौर के मुकाबले में थाईलैंड की राष्ट्रीय चैंपियन थानचानोक फानन से भिड़ेंगी। विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) द्वारा स्वीकृत इस प्रतियोगिता में दो खिताब डब्ल्यूबीसी इंटरनेशनल सुपर बैंथमवेट टाइटल और डब्ल्यूबीसी एशिया सिल्वर टाइटल दांव पर होंगे। एआईबीए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप (2014) की रजत पदक विजेता और युवा विश्व मुक्केबाजी की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता सरजूबाला देवी चार दौर की फ्लाईवेट प्रतियोगिता में थाईलैंड की ही खवांचित खुन्या का सामना करेंगी। उर्वशी 2018 में पेशेवर बनी। 27 साल की इस मुक्केबाज के नाम 12 मुकाबलों में नौ जीत है। उन्होंने इस में छह मुकाबले नॉक-आउट से जीते है। ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी सरजूबाला इस साल जनवरी में पेशेवर बनी हैं। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने पेशेवर करियर का आगाज फरवरी में दुबई में तंजानिया की लुलु कायगे के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ किया था।

# सादियो माने सर्जरी के बाद फुटबॉल विश्व कप से बाहर

**एजेंसी ■ दोहा**



सेनेगल के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सादियो माने पैर की चोट की सर्जरी के बाद विश्व कप से बाहर हो गए हैं। बायर्न म्यूनिख और सेनेगल फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। बायर्न की ओर से जारी बयान के मुताबिक 30 साल के माने के दाहिने पैर का शुक्रवार देर रात ऑस्ट्रिया के इन्सब्रुक में ऑपरेशन हुआ। उन्हें यह चोट आठ नवंबर को वेडर ब्रेमेन के खिलाफ जर्मन लीग के मैच में लगी थी। बायर्न ने कहा, एफसी बायर्न के अग्रिम पंक्ति का यह खिलाड़ी अब विश्व कप में सेनेगल के प्रतिनिधित्व के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा और अगले कुछ दिनों में म्यूनिख में अपना रिहैबिलिटेशन (उपचार से उबरने की प्रक्रिया) शुरू करेगा। सेनेगल टीम के चिकित्सक मैनुअल अफोंसो ने इससे पहले उम्मीद जताई थी कि माने विश्व कप के कुछ मैचों में खेलेंगे लेकिन अब इसकी कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हमने आज का एमआरआई देखा है और दुर्भाग्य से उनकी प्रगति उम्मीदों के अनुकूल नहीं है। सेनेगल की टीम सोमवार को नीदरलैंड के खिलाफ मैच से विश्व कप में अपने अभियान को शुरू करेगी। ग्रुप ए में टीम के सामने इसके बाद मेजबान करत और इक्वाडोर की चुनौती होगी।

# मेल्टवाटर चैंपियंस टूर फाइनल्स: एरिगेसी जीते, प्रज्ञानानंदा हारे

**एजेंसी ■ सेन फ्रांसिस्को**

भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) अर्जुन एरिगेसी ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को यहां मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर फाइनल्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहली जीत दर्ज की जबकि पिछले मुकाबले में जीत का स्वाद चखने वाले उनके हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को हार का सामना करना पड़ा। एरिगेसी ने अजरबैजान के शाखरियार मामेदयारोव को 3-1 से हराया, तो वहीं प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के जीएम वेस्ली सो से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने नीदरलैंड के जीएम अनीश गिरी को 3-0 से हराया, जबकि वियतनाम के क्वांग लीम ले ने पोलैंड के जीएम जान-क्रिज्सस्टोफ डूडा के विजई अभियान को रोका। क्वांग ने 3-1 से जीत दर्ज की। अब तक खराब लय से जूझ रहे एरिगेसी ने अपने खेल के स्तर को सुधार करते हुए अनुभवी मामेदयारोव के खिलाफ पहला मुकाबला ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे मुकाबले को 58 चाल में अपने नाम किया। इन दोनों के बीच तीसरा मुकाबला फिर से ड्रॉ रहा जबकि भारतीय खिलाड़ी ने चौथे मुकाबले को 71 चाल में अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा और सो के शुरुआती दोनों मुकाबले बराबरी पर छूटे। अमेरिका के खिलाड़ी ने इसके बाद तीसरा और चौथा मुकाबला अपने नाम कर शानदार जीत दर्ज की। शनिवार को पांचवें दौर में, एरिगेसी के सामने गिरी जबकि प्रज्ञानानंदा के सामने डूडा की चुनौती होगी। यह टूर्नामेंट राउंड रोबिन आधार पर खेला जा रहा है। सबसे अधिक अंक जुटाने वाला खिलाड़ी विजेता बनेगा। मेल्टवाटर चैंपियन्स टूर में कई प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के बाद आठ शीर्ष खिलाड़ियों ने फाइनल्स में जगह बनाई। टूर फाइल्स की कुल इनामी राशि दो लाख 10 हजार डॉलर है।

# बारिश के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का पहला टी20 रद्द



**एजेंसी ■ वेलिंगटन**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को यहां बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। यहां के स्काई स्टेडियम में बारिश थोड़ी देर के लिए रूकी लेकिन तेज बारिश होने लगी।

मैच को स्थानीय समयानुसार रात 08.52 बजे रद्द कर दिया गया। पांच-पांच ओवर के मैच के लिए कटऑफ समय रात 09:56 था, लेकिन गीली आउटफील्ड के कारण इसे एक घंटे पहले ही रद्द कर दिया गया। बारिश के कारण टॉस भी संभव नहीं हुआ। श्रृंखला का अगला टी20 मैच माउंट मोनगानुई में रविवार को खेला जाएगा। भारत को इस दौरे पर अब दो और टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है। दोनों टीमें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल चरण से बाहर होने के बाद इस श्रृंखला से नई शुरुआत करना चाहेंगी। विश्व कप में भारत को चैम्पियन बने इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड को उपविजेता पाकिस्तान ने हराया था।

नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पांड्या भारतीय टी20 टीम की अगुवाई कर रहे हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत उप कप्तान हैं। भारतीय कप्तान पंड्या ने कहा, खिलाड़ी इस दौरे को लेकर काफी रोमांचित है। न्यूजीलैंड शानदार देश है और खेलने के लिहाज से कमाल की जगह है। बदकिस्मती से आज खेलने का मौका नहीं मिला। मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक यहां पहुंचे थे। हम भी उत्साहित थे लेकिन पेशेवर क्रिकेट में यह ऐसा है जिसे हमें स्वीकार करने की जरूरत है। इस दौरे के लिए रोहित के अलावा दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल को विश्राम दिया गया है। अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल, उमरान मलिक, ईशान किशन और संजू सैमसन को टीम में मौका दिया गया है टी20 विश्व कप के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ समेत पूरे कोचिंग स्टाफ को भी विश्राम दिया गया है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और पूर्व खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण को इस दौरे के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

### न्यूजीलैंड दौरा नए खिलाड़ियों के लिए भूमिका में स्पष्टता और मौका के लिए : हार्दिक

**वेलिंगटन।** टी20 विश्व कप की निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने शुक्रवार को यहां कहा कि न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के मौजूदा दौरे का मकसद नए खिलाड़ियों की भूमिका में स्पष्टता और उन्हें मौका प्रदान करना है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की जगह हार्दिक तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की अगुआई कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि भारतीय टीम पिछले नतीजों के बारे में सोचने में भरोसा नहीं करती। उन्होंने कहा, ए खिलाड़ी भले ही उम्र से युवा हों लेकिन अनुभव के मामले में नहीं हैं। ए काफी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) खेल चुके हैं और काफी अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके हैं। मुझे लगता है कि आज के युवा ज्यादा क्रिकेट नहीं खेलने से घबराते नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर हालात की मांग होती है तो मैं और काफी अनुभवी खिलाड़ी विभिन्न भूमिकाएं निभाएंगे लेकिन यह दौरा नए खिलाड़ियों के लिए और अधिक स्पष्टता, मौके और खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देने के लिए है। हार्दिक ने कहा, विश्व कप हो चुका है, मैंने इसे पीछे छोड़ दिया है। निराशा रहेगी लेकिन हम पीछे जाकर चीजें नहीं बदल सकते। हम अब आगे के बारे में, इस श्रृंखला के बारे में सोच रहे हैं। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के बाद इतने ही मैचों की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि मौजूदा श्रृंखला एडम मिल्ने जैसे खिलाड़ियों को परखने का अच्छा मंच है जिन्हें टी20 विश्व कप में खेलने का मौका नहीं मिला जिसमें न्यूजीलैंड और भारत दोनों ही टीमें सेमीफाइनल चरण में बाहर हो गई थीं। भारत को सेमीफाइनल में विजेता बनी इंग्लैंड से जबकि न्यूजीलैंड को पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। विलियमसन ने कहा, यह बेहतर होने की बात है, विशेषकर नॉकआउट मैचों में। एडम मिल्ने जैसे खिलाड़ी टी20 विश्व कप टीम में भी थे लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला इसलिए यह उन्हें कुछ मैच का समय देने का अच्छा समय है।

# सुंदर को लंकाशर और एनसीए में बिताए समय से दमदार वापसी का भरोसा

**एजेंसी ■ वेलिंगटन**



चोटिल होने के कारण एक साल से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद टी20 टीम में वापसी करने वाले हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि इंग्लैंड की काउंटी टीम लंकाशर में खेलने से उन्हें न्यूजीलैंड में चल रही सीमित ओवरों की श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिल सकती है। पिछले एक साल के दौरान चोट के कारण ज्यादातर समय खेल से दूर रहने वाले वाशिंगटन ने पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय मैचों में वापसी की। उन्हें न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। सुंदर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच बारिश के कारण रद्द होने से पहले कहा, मैंने एनसीए में काफी समय बिताया है, चोटिल होने से पहले लंकाशर के लिए खेलने का अनुभव शानदार रहा था। मैंने फिटनेस के लिए अपने शरीर पर बहुत काम किया है, खासकर कंधे पर काफी ध्यान दिया है। दाएं हाथ से ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले इस खब्बू बल्लेबाज ने कहा, न्यूजीलैंड मेरे पसंदीदा देशों में से एक है। यहां का मौसम और लोग वास्तव में शानदार है। जब से हम यहां आए है, हमने पैदल रेस्तरां और दुकान जाने का लुत्फ उठाया है। हम यहां अपनी निजता का आनंद ले रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती टी20 मैच के दौरान बारिश के बीच दोनों देशों के खिलाड़ी फुटबॉली (पैर की मदद से वॉलीबॉल की तरह का खेल) का लुत्फ उठा रहे थे तब सुंदर वहां खड़े हो कर उसे देख रहे थे। सुंदर से जब पूछा गया कि वह क्यों नहीं खेल रहे है तब उन्होंने कहा, छह साल पहले फुटबॉल खेलते हुए मेरे पैर में चोट लग गई थी, उसके बाद से मैं कभी फुटबॉल नहीं खेलता। फुटबॉल के अलावा भी कई चीजें है करने के लिए इस मौके पर प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड क अपने पहले के यादों को साझा किया।उन्होंने कहा, मैं अंडर 19 विश्व कप के दौरान मैं पहली बार यहां आया था। मैंने यहीं 2019 में एकदिवसीय में पदार्पण किया। न्यूज़ीलैंड से मेरी कई यादें जुड़ी हुई हैं। जब भी न्यूजीलैंड आने के बारे में सुनता हूं तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। उन्होंने कहा, मैंने बड़े शॉट लगाने के साथ दौड़कर एक-दो रन बनाने पर ध्यान दे रहा हूं।

## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: रिदम क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** भारत के रिदम ने स्पेन के ला नुसिया में पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुषों के 92 किग्रा से अधिक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की जबकि चार अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम-16 चरण में प्रवेश किया। रिदम ने लातविया के मिक बर्जिन्स के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की और रिंग में उतरते ही दनादन मुक्के बरसाने लगे। उनके आक्रामक खेल ने बर्जिन्स को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और रेफरी को शुरुआती चरण में ही मैच रोककर भारतीय खिलाड़ी को विजेता घोषित करना पड़ा। इससे पहले जदुमणि सिंह मांडेंगबम (51 किग्रा) और भरत जून (92 किग्रा) ने पुरुषों के अंतिम-32 दौर में जीत के साथ भारत को दिन की अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद युवा एशियाई चैम्पियन वंशज ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाया। हरियाणा के इस मुक्केबाज ने अंतिम -32 मुकाबले में सर्वसम्मत निर्णय से जापान के मासाटेक योशिजुमी को हराया।अमन राठौर (67 किग्रा) ने भी प्यूर्टो रिको के एलेक्सिस सोटो को 5-0 से आसानी से शिकस्त दी। रॉकी चौधरी अकेले भारतीय मुक्केबाज रहे जिसे तीसरे दिन हार का सामना करना पड़ा। वह 80 किग्रा वर्ग में तुर्की के हैलिल डोगरू से 1-4 से हार गए।

## शॉर्ट न्यूज

### विश्व कप स्टेडियमों में अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध



**दोहा।** विश्व कप के आठ स्टेडियमों में अल्कोहल वाली बीयर की बिक्री पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया गया। यह फैसला फीफा टूर्नामेंट के शुरू होने से दो दिन पहले ही किया गया। अल्कोहल मुक्त बीयर देश में होने वाले 64 मैचों में बेची जाएगी। फीफा ने एक बयान में कहा, मेजबान देश के अधिकारियों और फीफा के बीच चर्चा के बाद स्टेडियम की परिधि से बीयर की बिक्री को हटाकर फीफा फैन फेस्टिवल , प्रशंसकों के अन्य स्थलों और लाइसेंस प्राप्त स्थलों पर अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की बिक्री पर ध्यान देने का फैसला किया गया। शैंपेन, वाइन, व्हिस्की और अन्य अल्कोहल स्टेडियम के लग्जरी आतिथ्य क्षेत्रों में परोसे जाएंगे। इन स्थानों के बाहर बीयर एकमात्र अल्कोहल होगा जो नियमित टिकटधारकों को बेची जाएगी। विश्व कप की बीयर प्रायोजक बडवाइजर की मूल कंपनी एबी इनबेव ने टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत जवाब नहीं दिया। एबी इनबेव प्रत्एक विश्व कप में बीयर बेचने के एक्सक्लूसिव अधिकारों के लिए करोड़ों डॉलर का भुगतान करती है और प्रशंसकों के लिए काफी स्टॉक ब्रिटेन से कतर भेज चुकी है। बडवाइजर की मूल कंपनी की फीफा से यह साझेदारी 1986 टूर्नामेंट से शुरू हुई थी और उत्तरी अमेरिका में अगले विश्व कप के लिए इसे जारी रखने के लिए बातचीत कर रही है। जब कतर ने विश्व कप की मेजबानी की बोली प्रक्रिया शुरू की थी तो देश ने फीफा के व्यावसायिक भागीदारों का सम्मान करने पर सहमति जताई थी और ऐसा 2010 में मत जीतने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय भी किया था। ब्राजील में 2014 विश्व कप में मेजबान देश को शराब की बिक्री की अनुमति के लिए एक नियम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ा था।

### एशियाई टेबल टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं मनिका



**बैंकॉक।** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा शुक्रवार को यहां एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की अपने से बेहतर रैंकिंग की चेन सू यू को 4-3 से हराया। विश्व रैंकिंग में 44वें नंबर की मनिका ने महिला एकल के कड़े मुकाबले में विश्व की 23वें नंबर की चेन को 6-11, 11-6, 11-5, 11-7, 8-11, 9-11, 11-9 से पराजित किया। मनिका एशियाई कप के 39 साल के इतिहास में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड अपने नाम सुनिश्चित कर चुकी हैं। इससे पहले 2015 में अचंता शरत कमल और 2019 में जी साथियान छठे स्थान पर रहे थे। इस भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले चीन की दुनिया में सातवें नंबर की चेन जिंगटोंग को उलटफेर का शिकार बनाया था। मनिका शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त मीमा इतो से भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल चीन की विश्व नंबर चार वांग यिदी और जापान की हिना हयाता (विश्व नंबर छह) के बीच खेला जाएगा।

### उर्वशी और सरजूबाला कोलंबो में पेशेवर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** दिग्गज मुक्केबाज सरजूबाला देवी और उर्वशी सिंह 26 नवंबर को कोलंबो में होने वाले पेशेवर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उर्वशी 10 दौर के मुकाबले में थाईलैंड की राष्ट्रीय चैंपियन थानचानोक फानन से भिड़ेंगी। विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) द्वारा स्वीकृत इस प्रतियोगिता में दो खिताब डब्ल्यूबीसी इंटरनेशनल सुपर बैंथमवेट टाइटल और डब्ल्यूबीसी एशिया सिल्वर टाइटल दांव पर होंगे। एआईबीए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप (2014) की रजत पदक विजेता और युवा विश्व मुक्केबाजी की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता सरजूबाला देवी चार दौर की फ्लाईवेट प्रतियोगिता में थाईलैंड की ही खवांचित खुन्या का सामना करेंगी। उर्वशी 2018 में पेशेवर बनी। 27 साल की इस मुक्केबाज के नाम 12 मुकाबलों में नौ जीत है। उन्होंने इस में छह मुकाबले नॉक-आउट से जीते है। ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी सरजूबाला इस साल जनवरी में पेशेवर बनी हैं। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने पेशेवर करियर का आगाज फरवरी में दुबई में तंजानिया की लुलु कायगे के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ किया था।

**आईपीएल** | एकदिवसीय विश्व कप अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में आयोजित किया जाएगा।

# ग्रीन को आईपीएल खेलने से नहीं रोकेंगे : कमिंस

> कमिंस ने एसईएन रेडियो से कहा, हां, वह इस दौड़ (आईपीएल नीलामी में शामिल होना) में शामिल हो सकता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे, मुझे लगता है कि नीलामी में अभी थोड़ा समय है। उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में स्वार्थी होकर देखे तो मुझे अच्छा लगेगा कि वह ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी सारी ऊर्जा बचाएं।

**एजेंसी ■ सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस चाहते है कि कैमरून ग्रीन राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने में अपनी सारी ऊर्जा लगाएं, लेकिन वह इस युवा हरफनमौला को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने से नहीं रोकेंगे।

इस 23 साल के खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने भारत दौरे पर डेविड वार्नर की अनुपस्थिति में पारी की शुरुआत करते हुए प्रभावित किया था। ग्रीन ने इस दौरे पर दो अर्धशतक जड़े थे और 214.54 के स्ट्राइक रेट तथा 39.22 के औसत के साथ रन बनाए थे। सहजता से बड़े शॉट खेलने की क्षमता के कारण ग्रीन अगर आईपीएल की आगामी नीलामी में शामिल होने का मन बनाते है तो वह कई फ्रेंचाइजी टीमों की नजर में होंगे। कमिंस ने एसईएन रेडियो से कहा, हाँ, वह इस दौड़ (आईपीएल नीलामी में शामिल होना) में शामिल हो सकता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे, मुझे लगता है कि नीलामी में अभी थोड़ा समय है। उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में स्वार्थी होकर देखे तो मुझे अच्छा लगेगा कि वह ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी सारी ऊर्जा बचाएं। उन्होंने कहा, लेकिन आप किसी को इस (आईपीएल) तरह के अवसर को नकारने के लिए कैसे कह सकते हैं? ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और एकदिवसीय टीम की कप्तानी करने वाले कमिंस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इस आकर्षक लीग से हटने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त 2023 टेस्ट क्रिकेट कार्यक्रम में भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (फरवरी-मार्च) और इंग्लैंड में 16 जून से 31 जुलाई तक एशेज शामिल है। एकदिवसीय विश्व कप अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में आयोजित किया जाएगा। आईपीएल की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में होनी है।

आरबीआई लेख

# अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशील



सकल मुद्रास्फीति में कमी के संकेत मिलने के साथ ही घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिल रहा है, लेकिन यह अभी भी वैश्विक प्रतिकूलताओं के प्रति संवेदनशील है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक लेख में यह बात कही गई।

आरबीआई के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित लेख में यह भी कहा गया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में गिरावट का जोखिम बना हुआ है, वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होती जा रही हैं और बाजार की नकदी में कमी वित्तीय कीमतों में उतार-चढ़ाव को बढ़ा रही है। इसमें आगे कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आपूर्ति प्रतिक्रिया मजबूत हो रही है।

लेख में कहा गया, सकल मुद्रास्फीति (हेडलाइन इंफ्लेशन) में कमी के संकेत दिखने के साथ ही घरेलू व्यापक आर्थिक परिदृश्य में मजबूती है, लेकिन यह वैश्विक चुनौतियों के प्रति संवेदनशील भी है।

लेख के मुताबिक शहरी मांग मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि ग्रामीण मांग कमजोर है, लेकिन हाल ही में इसमें तेजी आई है। लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व में एक टीम ने तैयार किया है। आरबीआई ने कहा कि यह लेखकों की राय पर आधारित है तथा केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

पर्यावरण/विकास

# बिचुन में लघु वन का विकास करेगा जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट






जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जेआईएएल) जयपुर जिले के दुदू तहसील में बिचुन गांव में लघु वन का विकास करने के लिए 4400 पेड़ लगाएगा। यह पूरी प्रक्रिया जिला प्रशासन और संबंधित सरकारी विभाग के निर्देश पर आरंभ की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टर्मिनल 1 में विमानों के लिए नया एप्रन एरिया तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से इसकी परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है। प्रथम चरण में 9 एकड़ भूमि में एप्रन एरिया का निर्माण शामिल है जो पहले एअरपोर्ट अथॉरिटी के कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी थी। रियायत समझौते के अनुसार कॉलोनी को खाली कराया गया था और कुछ महीने पहले वह भूमि जयपुर इंटरनैशनल एअरपोर्ट को हस्तांतरित कर दी गई थी।

उसके बाद नागरिक प्राधिकरणों द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण किया गया जिसमें कॉलोनी के भीतर 594 पेड़ चिन्हित किये गए जिन्हें विस्थापित किया जाएगा। इनमें से 50 पेड़ों को स्थानीय प्राधिकारियों की मदद से जयपुर के निकट गोनर वन क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा। बाकी पेड़ों के बदले, जयपुर इंटरनैशनल एअरपोर्ट बिचुन गाँव में सात गुणा ज्यादा पेड़ (4400) लगाएगा। यह पूरी प्रक्रिया जिला प्रशासन और सम्बंधित सरकारी विभाग के निर्देश के अधीन और क़ानून ने अनुसार सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद आरम्भ की गई है। टर्मिनल-1 की परिचालनीय तत्परता और विस्तार का कार्य पर्यावरण संवहनीयता और कानूनों का सख्ती से पालन करते हुए किया जाएगा। जेआईएएल संपूर्ण प्रक्रिया के लिए पहले ही रुपये सम्बंधित सरकारी विभाग में जमा कर चुका है। इसमें पौधारोपण, अनुरक्षण, घेराबंदी, पानी पटाने, और सुरक्षा के सभी खर्च शामिल हैं।

टर्मिनल भवन के भीतर बैठने की जगह पर सीटों का प्रतिष्ठापन, सिक्यूरिटी होल्ड एरिया, बैगेज बेल्ट, इमीग्रेशन काउंटरों के प्रतिष्ठापन का कार्य भी आरम्भ हो गया है। टर्मिनल-1 भवन में वाणिज्यिक पट्टी के लिए बाहरी ब्रांडेड रिटेल और द्ध×ड्ड चेन्स के साथ बातचीत चल रही है। टी1 पर ब्रांडिंग और सौन्दर्यीकरण का काम भी चरणबद्ध तरीके से आरम्भ किया जाएगा। टर्मिनल-2 की तर्ज पर टर्मिनल-1 के लिए एक विशाल उद्यान पथ बनाने की भी योजना है।

## जी-20 घोषणापत्र में पर्यटन क्षेत्र में पुनरुद्धार के लिए सुचारू आवाजाही व्यवस्था की वकालत

जी-20 शिखर सम्मेलन में बुधवार को जारी बाली घोषणापत्र में पर्यटन क्षेत्र में पुनरुद्धार के लिए वैश्विक स्तर पर सुरक्षित आवाजाही और संपर्क सुविधा को मजबूत बनाने तथा कोविड-महामारी बाद निर्बाध यात्रा की वकालत की गई है। घोषणापत्र में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाई गई यात्रा संबंधी पाबंदियों से वैश्विक पर्यटन उद्योग पटरी से उतरा है। इसके साथ ही महामारी ने क्षेत्र को समावेशी, टिकाऊ और मजबूत बनाने के 2030 एजेंडा और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप पर्यटन उद्योग में तेजी से आवश्यक बदलाव का एक अनूठा अवसर प्रदान किया है। विश्व पर्यटन संगठन (डब्ल्यूटीओ) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल, 2022 में वैश्विक गंतव्यों में 96 प्रतिशत में यात्रा पाबंदियां थीं। वर्ष 2020 में पर्यटन क्षेत्र में पांच करोड़ नौकरियां गईं। वर्ष 2020-2021 में पर्यटन के कारण प्रत्यक्ष रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4,000 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। जी-20 घोषणापत्र में पर्यटन क्षेत्र में



निरंतर पुनरुद्धार का समर्थन करने और भविष्य के खतरों के लिए यात्रा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के लिए सुरक्षित और निर्बाध पर्यटन को लेकर एक वैश्विक रूपरेखा स्थापित करने की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि पर्यटन उद्योग में रूपांतरण और एसडीजी में इसके योगदान को तबतक हासिल नहीं किया जा सकता, जबतक छोटे व्यवसाई और समुदाय जैसे प्रमुख पक्षों के स्तर पर बदलाव नहीं आता। घोषणापत्र में कहा गया है, जी-20 देश वैश्विक पुनरुद्धार के लिए पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका और अधिक मानव-केंद्रित, समावेशी, टिकाऊ और मजबूत पर्यटन क्षेत्र के पुनर्निर्माण को लेकर समुदाय-आधारित दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करते हैं। इसमें कहा गया है हम पर्यटन क्षेत्र में पुनरुद्धार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षित आवाजाही और संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने तथा कोविड महामारी बाद निर्बाध यात्रा के महत्व को स्वीकार करते हैं।

ट्राई की रिपोर्ट

## रिलायंस जियो 4जी नेटवर्क में डाउनलोड, अपलोड रफ्तार में शीर्ष पर

दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी जियो 4जी नेटवर्क पर औसत डाउनलोड और अपलोड गति या स्पीड के मामले में शीर्ष पर है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी दी। ट्राई ने अक्टूबर में बीएसएनएल के 4जी की स्पीड की सूची से हटा दिया है, क्योंकि कंपनी ने अभी चौथी पीढ़ी की सेवाएं शुरू नहीं की हैं। जियो ने पिछले महीने 20.3 मेगाबिट्स प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की औसत गति से डाउनलोड रफ्तार में शीर्ष पर रही। सूची में जियो के बाद एयरटेल का नंबर आता है। इसने अक्टूबर के दौरान 15 एमबीपीएस की डाउनलोड गति दर्ज की। इसके बाद वोडाफोन आइडिया (वीआई) 14.5 एमबीपीएस गति के साथ तीसरे स्थान पर आती है। अक्टूबर में जियो की 4जी अपलोड गति सितंबर के 6.4 एमबीपीएस से घटकर 6.2 एमबीपीएस रह गई। हालांकि, इसने श्रेणी में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा।

## रिलायंस जियो ने नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदबाद में 5जी सेवाएं शुरू की

रिलायंस जियो ने दिल्ली के बाद गुरुग्राम, नोएडा, गाजियबाद और फरीदाबाद में अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर दी है। दूरसंचार कंपनी ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी और दावा किया कि इन इलाकों में 5जी सेवाएं बहाल करने वाली वह पहली कंपनी है। रिलायंस जियो दिल्ली के अलावा मुंबई, कोलकत्ता, वाराणसी, चेन्नई, हैदराबाद, बैंग्लुरु और नाथद्वारा में अपनी सेवाएं पहले ही शुरू कर चुकी है। इस सूची में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली सबसे नया है। विज्ञप्ति के अनुसार, कंपनी के नेटवर्क सिगनल दिल्ली-एनसीआर के सभी महत्वपूर्ण इलाकों और क्षेत्रों में मिलने लगेंगे। ज्यादतर आवासीय क्षेत्रों, अस्पतालों, स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सरकारी इमारतों, मॉल, प्रमुख बाजारों, टेक पार्क और मेट्रो स्टेशनों पर जियो ट्रू5जी नेटवर्क उपलब्ध होगा। दिल्ली में जियो के ग्राहक पहले ही जियो ट्रू5जी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। एनसीआर क्षेत्र में 5जी सेवाएं शुरू करने के बाद ग्राहकों को जियो वेलकम ऑफर का आमंत्रण मिलना शुरु हो जाएगा। इस पेशकश के तहत ग्राहकों को असीमित 5जी डेटा और एक जीबीपीएस तक की स्पीड मिलेगी। इसके लिए ग्राहकों को कोई कीमत नही चुकनी होगी।

## इंडिया आईटीएमई 2022 का 11वां संस्करण 8-13 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा में

भारत के साथ ही पड़ोसी दक्षिण-पूर्व एशियाई और मध्य-पूर्व देशों के कपड़ा उद्योग की मशीनरी और टेक्नोलॉजी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में हर चार साल में एक बार प्रतिष्ठित, बहुप्रतीक्षित मेगा टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग बी2बी प्रदर्शनी 'इंडिया आईटीएमई 2022' का आयोजन किया जाता है। इंडिया आईटीएमई 2022 का 11वां संस्करण 8 से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा; यह महामारी के बाद पहला मेगा इवेंट है।

यह बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनी इंडिया आईटीएमई 2022 उत्तरी भारत में पहली बार विश्व स्तरीय स्थल आईईएमएल ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जा रही है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया और भारत में सबसे बड़ा प्रदर्शनी स्थल है, जो 235,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। आईईएमएल रणनीतिक रूप से ग्रेटर नोएडा में स्थित है जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है और यह पश्चिमी और पूर्वी समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के चौराहे पर स्थित है और दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर का प्रवेश द्वार भी है।

इस बी2बी इवेंट में 1600 से अधिक मशीनों, 68 देशों, 1000 से अधिक प्रदर्शक शामिल हो रहे हैं, जो हाई-वोल्टेज लक्ष्य पर केंद्रित बातचीत करने को तैयार हैं। यह एक वाइब्रंट और बड़े आकार के बाजार - भारत में बिजनेस लीड्स, नए अवसरों को आकर्षित करने का काम करेगी।

## आदित्य बिड़ला फैशन भारत में खोलेगी गैलरी लफाएत के लग्जरी स्टोर

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) ने फ्रांस के अग्रणी डिपार्टमेंट स्टोर गैलरी लफाएत के साथ रणनीतिक साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इस साझेदारी के तहत ये दोनों संस्थान भारत में लग्जरी डिपार्टमेंट स्टोर और ई-वाणिज्य मंच की शुरुआत करेंगे। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मुंबई और दिल्ली के स्टोर में एक ही छत के नीचे 200 से ज्यादा महंगे एवं डिजाइनर ब्रांड उपलब्ध होंगे। मुंबई में 90,000 वर्गफुट के स्टोर में परिचालन 2024 तक शुरू होने की उम्मीद है जबकि दिल्ली में 65,000 वर्गफुट के स्टोर में परिचालन 2025 तक शुरू हो सकता है। एबीएफआरएल के प्रबंध निदेशक आशीष दीक्षित ने कहा, गैलरी लफाएत के साथ यह साझेदारी एक वैश्विक लग्जरी बाजार के तौर पर भारत के महत्व को प्रदर्शित करती है और बताती है कि लग्जरी ब्रांड की वृद्धि का भावी इंजन भारत ही है।

गैलरी लफाएत 125 साल से फैशन के क्षेत्र में सक्रिय है और फ्रांस समेत कई देशों में इसके 65 स्टोर हैं। इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी निकोलस हाउज ने कहा, अपनी अंतरराष्ट्रीय पहुंच का विस्तार भारत जैसे प्रतिष्ठित बाजार में करने पर हम गौरान्वित महसूस कर रहे हैं।

## अमेजन में छंटनी अगले साल भी रहेगी जारी




अमेजन के कॉरपोरेट कर्मियों की बड़े पैमाने पर छंटनी जारी रहने के बीच कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेस्सी ने कहा है कि यह सिलसिला अगले साल भी जारी रहेगा। कर्मचारियों को भेजे संदेश में जेस्सी ने कहा, मैं बिना किसी संदेह के यह कह सकता हूं कि इस समय हमने जो निर्णय लिया है वह बहुत ही मुश्किल है। सिएटल की कंपनी अमेजन बीते कुछ महीनों से अपने कारोबार के विभिन्न क्षेत्रों में लागत कम करने के प्रयास कर रही है। कंपनी में वार्षिक समीक्षा प्रक्रिया चल रही है जिसमें यह पता लगाया जाता है कि धन की बचत कहां और किस प्रकार की जा सकती है। जेस्सी ने कहा कि इस वर्ष की समीक्षा अधिक कठिन है जिसकी वजह आर्थिक परिदृश्य और बीते कुछ वर्षों में कंपनी में तेजी से हुई भर्तियां हैं। कंपनी ने कैलिफोर्निया में अपने क्षेत्रीय अधिकारियों को सूचित किया था कि विभिन्न केंद्रों से करीब 260 लोगों को निकाला जाएगा।

जेस्सी ने कहा कि कंपनी अभी यह तय नहीं कर पाई है कि कितनों की नौकरियां प्रभावित होने वाली हैं हालांकि कुछ खंडों में कटौती जरूर की जाएगी। उन्होंने कहा वार्षिक समीक्षा प्रक्रिया अगले वर्ष भी जारी रहने वाली है। अमेजन के दुनियाभर में 15 लाख से अधिक कर्मचारी हैं।

उत्पाद/बाजार/कॉरपोरेट

## 10 दिसंबर को विजेताओं को दिए जाएंगे 'आईटीएमई टेक्नोलॉजी अवॉर्ड'

इंडिया आईटीएमई सोसाईटी ने इंडिया आईटीएमई पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की है जिसे 10 दिसंबर 2022 को इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में दिया जाएगा। यह अवॉर्ड, हमारे देश के टेक्सटाइल इंजीनियरिंग क्षेत्र में असाधारण एवं महत्वपूर्ण योगदान देकर सकारात्मक बदलाव लाने वालो की पहचान करने में सोसाईटी के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। दशकों से उल्लेखनीय परिणामों के जरिये नेतृत्व करते हुए इंडिया आईटीएमई सोसाईटी ने 100 भारतीय टेक्सटाईल(कपड़ा) मशीनरी चैंपियन तैयार करने की भारत की सोच के साथ अपने लक्ष्य को मिलाते हुए टेक्सटाईल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए इंडिया आईटीएमई सोसाईटी ने देश के प्रत्येक कोने से छिपी प्रतिभाओं की खोज के लिये जुलाई 2022 में आवेदनों की शुरूआत की, जिनका मूल्यांकन प्रसिद्ध ज्यूरी सदस्यों- उदय गिल, उपदीप सिंह, आर आनंद, गुरुदास वी अरास, संजीव लठिया, डॉ मनीषा माथुर, मनोहर सैमुअल, केतन सांघवी, एवं अविनाश मयेकर के द्वारा किया गया है। इन पुरस्कारों के साथ इंडिया आईटीएमई अवार्ड्स के दूसरे संस्करण में सबसे अधिक योग्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## आयुर्वेदिक उत्पाद सिन अस्थमा केयर और श्वास कुठार रस की पेशकश

नोएडा स्थित ऑनलाइन आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र वेदास क्योर ने दो आयुर्वेदिक उत्पाद सिन अस्थम केयर और श्वास कुठार रस पेश किए हैं। पहला, सिन अस्थमा केयर आयुर्वेदिक दवा का एक टैबलेट और पाउडर रूप है जो सांस की बीमारियों साइनस, अस्थमा और निमोनिया के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करता है। यह उत्पाद विशेष रूप से ऐसे समय में लॉन्च किया गया है जब एनसीआर और भारत के अन्य हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गिरकर बहुत खराब श्रेणी में आ गया है, और आम लोगों को सांस लेने और श्वसन संबंधी समस्याओं की रिपोर्ट में खतरनाक वृद्धि हुई है।

साइन अस्थम केयर में अडूसा, बनफसा, छोटी कटेरी, सौंठ काली, मिर्च पिप्पली, छोटी दालचीनी, लौंग अजवाइन, सौंफ जैफल, अतीस पुष्करमूल, गिलोय, अर्जुन छाल, पियाबासा, मुलेठी, और तुलसी बीज जैसे हर्बल तत्व शामिल हैं।

## मारुति सुजुकी को उम्मीद, चालू वित्त वर्ष के अंत तक होंगे 3,700 बिक्री केंद्र

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक उसके बिक्री केंद्र यानी शोरूम की संख्या बढ़कर 3,700 तक पहुंच जाएगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मानेसर संयंत्र की उत्पादन क्षमता में एक लाख इकाई की वृद्धि होने के साथ बढ़ी हुई मांग को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। देश में सबसे बड़े कार विनिर्माता के बिक्री केंद्र की संख्या शुक्रवार को 3,500 के आंकड़े को पार कर गई। एक दशक पहले मारुति सुजुकी के डीलरशिप की संख्या 1,300 थी। ऑटो कंपनी ने शुक्रवार को हैदराबाद में अपने 3,500वें बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया, जो नेक्सा की बिक्री इकाई है।

एमएसआईएल के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कंपनी की नेटवर्क विस्तार योजनाओं के बारे में बताया, उम्मीद है कि मार्च के अंत तक हमारे 3,700 बिक्री केंद्र होंगे। उन्होंने कहा कि देश भर में बिक्री के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर कंपनी जोर दे रही है। कंपनी का बिक्री नेटवर्क अब शहरी केंद्रों के साथ ही छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी है।



## किआ इंडिया की लंबित ऑर्डर को पूरा करने के लिए और ईवी6 इकाइयां लाने की योजना

वाहन कंपनी किआ इंडिया लंबित बुकिंग को पूरा करने के लिए देश में और ईवी6 इकाइयां लाने पर विचार कर रही है। कंपनी ने कहा कि उसने अबतक ग्राहकों को ईवी6 की 200 इकाइयों की आपूर्ति की है। ईवी6 पूर्ण निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में देश में आती है।




दक्षिण कोरिया की कंपनी ने बयान में कहा कि यह संख्या पहले ही पूरे वर्ष के लिए 100 इकाइयों की योजना का दोगुना है। इसमें कहा गया है, अब कंपनी की इस वर्ष में ईवी6 के कुल आवंटन को बढ़ाने और ज्यादातर लंबित आपूर्ति को पूरा करने की योजना है। कंपनी ने इस साल जून में घरेलू बाजार में ईवी6 को उतारा था और ग्राहकों को इसकी आपूर्ति पिछले महीने शुरू हुई। किआ इंडिया के मुख्य बिक्री अधिकारी म्युंग-सिक सोन ने कहा, हमने ईवी6 की पेशकश पर सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच अपने ग्राहकों से वादा किया था कि 2022 के लिए शुरू में उपलब्ध कराई गई 100 इकाइयों के अलावा अधिक इकाइयां लाएंगे। हमारा ध्यान वाहन की आपूर्ति को पूरा करने पर होगा।

## मैग्निफ्लेक्स इंडिया ने गुरुग्राम में आउटलेट खोला

मैग्निफ्लेक्स इंडिया (मेड इन इटली), इस युरप के 60 वर्षों से अधिक की परंपरा से युक्त और युरोप के पहलें नंबर के इटालियन लक्जरी मैट्रेसेस तथा स्लीप क्सेसरीज के ब्रान्ड की ओर से आज डीएलएफ ग्रान्ड सिटी मॉल, गुरुग्राम में एक्सक्लुजिव आऊटलेट की शुरूआत करनें की घोषणा की। इस आउटलेट का विमोचन मैग्निफ्लैक्स- एशिया पैसिफिक के संचालक एनरिको सेन्नी के साथ मैग्निफ्लेक्स इंडिया चे व्यवस्थापकीय संचालक आनंद निचानी के हाथों किया गया। आज तक मैग्निफ्लेक्स इंडिया के देशभर में 69 स्टोर्स है, जो मुम्बई, बंगलोर, दिल्ली, पुणे, अहमदाबाद, हैद्राबाद, चेन्नई, राजकोट, कोईम्बत्तूर, विजयवाडा, विशाखापट्टणम्, भीमारवरम्, जयपुर, नासिक, कोल्हापुर, मंगलोर, रायपुर में स्थित है. भविष्य में वित्तीय वर्ष 22-23 में यह संख्या भारत के उत्तरी भाग में और बढ़ानें की उनकी योजना है।



गुरुग्राम में स्थित यह स्टोर 1320 स्क्वेयर फुट में फैला है तथा यहां ग्राहकों को शाही इटालियन संस्कृति से युक्त इटालियन कला के साथ स्टाइल और डिज़ाइन परंपरा के साथ नवीनता भी उपलब्ध होगी।

इस शुरुआत के बारें में बोलते हुए मैग्निफ्लेक्स इंडिया के एमडी आनंद निचानी ने कहा, मैग्निफ्लेक्स का दुसरा नाम ही सर्वोत्कृष्टता है और हमारें मैट्रेसेस का डिज़ाइन और विकास मानवी शरीर के अनुसार किया गया है जिसपर सोनें से बेजोड आराम प्राप्त होगा, इस लक्ष्य को प्राप्त करनें हेतु हमने काफी सालों तक संशोधन किया है।

## महिलाओं की अगुवाई वाले एफपीओ को सशक्त करने को 20 लाख डॉलर देगा वॉलमार्ट फाउंडेशन

वॉलमार्ट फाउंडेशन ने एक परियोजना के लिए 20 लाख डॉलर (लगभग 16.32 करोड़ रुपए) के अनुदान की घोषणा की। इसका उद्देश्य 60 महिलाओं की अगुवाई वाले किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को 30 माह के भीतर स्वतंत्र संस्थानों में बदलना है। वॉलमार्ट फाउंडेशन ने कहा कि एक एनजीओ प्रदान द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली परियोजना प्रोवफिट को यह अनुदान दिया गया है। इसका उद्देश्य लगभग I,20,000 महिलाओं को सशक्त करना है। परियोजना के हिस्से के रूप में एफपीओ को व्यापार योजनाओं को विकसित करने, आवश्यक प्रणालियों और प्रक्रियाओं का निर्माण करने और अपने उपक्रमों के लिए कामकाज के संचालन की प्रणालियों को लागू करने के लिए सहायता प्राप्त होगी। यह दूसरी परियोजना है जिसे वॉलमार्ट फाउंडेशन लीप (बाजार पहुंच और महिला सशक्तीकरण के माध्यम से आजीविका संवर्धन) कार्यक्रम की सफलता के बाद समर्थन दे रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।